# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। गुरुवार 16 मई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 216 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3





कौशांबी में बोले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

## राहुल गांधी की कुंडली में पीएम बनने का योग नहीं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बीजेपी प्रत्याशी विनोद सोनकर के समर्थन जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की कुंडली में प्रधानमंत्री बनने का योग नहीं है। बता दें, लोकसभा चुनाव 2024 के 5वें फेज में देशभर में 8 राज्यों की 49 सीटों पर वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश में 14 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इस चरण के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस फेज में 144 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा।

जनसभा को संबोधित करते समय डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वो अभी छत्तीसगढ़ का चुनाव हार कर आए हैं।

राहुल गांधी जी अमेठी में 2019 में लोकसभा चुनाव स्मृति ईरानी से हार चुके हैं। वह अमेठी के भगोड़े हैं और रायबरेली में हार रहे हैं। वहां कमल खिल रहा है, गुरुवार को वो खुद रायबरेली जा रहे हैं और कांग्रेस, सपा एवं बसपा का यूपी में खाता ही नहीं खुल रहा है।

प्रधानमंत्री बनने के लिए आप में से कोई भी मुंगेरीलाल के हसीन सपना देख सकता है, ऐसे में भूपेश बघेल जी ने भी राहुल गांधी को लेकर सपना देख लिया है। लेकिन राहुल गांधी जी की कुंडली में प्रधानमंत्री बनने का योग ही नहीं है।

# अगर हुआ शहर विधानसभा में उपचुनाव तो वरिष्ठता पर भी हो दांव

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आने हैं। भाजपा ने यहां से अपने शहर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा यहां लगातार चुनाव जीतती आई है। मेयर सीट पर उसका कब्जा निगम के गठन के बाद से बरकरार रहा है। ऐसे में अब उत्साहित भाजपाई ये मानकर चल रहे हैं कि शहर विधानसभा का उपचुनाव होगा। क्योंकि जब शहर विधायक अतुल गर्ग लोकसभा का चुनाव जीत जायेंगे तो यह सीट रिक्त होगी। अब ये विचार भी चल रहा है कि अगर शहर विधानसभा पर उपचुनाव होता है तो यहां उन वरिष्ठ चेहरों पर दावं खेलने में क्या परेशानी है जिन्होंने अपनी सियासी उम्र भाजपा के लिए बिताई है। इन चेहरों में उन वरिष्ठ भाजपाईयों की बात हो रही है जो आयु में 65 वर्ष या उससे अधिक के हो रहे हैं। भाजपा की एक लॉबी का ये मानना है कि इस विधानसभा सीट पर फिलहाल कोई सरकार नहीं बननी है और यहां पर वरिष्ठ भाजपाई को उनकी सियासी निष्ठा का अवार्ड टिकट देकर दिया जा सकता है। कई ऐसे चेहरे है जिन्हें यह मौका मिलेगा तो उनके लिए यह यादगार रहेगा। कई ऐसे वरिष्ठ भाजपाई है जो 2027 तक सक्रिय राजनीति से खुद को थोड़ा पीछे कर लेंगे। लिहाजा ये एक चर्चा भाजपा में चल पड़ी है कि सरकार तो बन चुकी है तो ऐसे में ऐसे व्यक्ति को चुनाव लड़ाया जाये जो वरिष्ठ भाजपाइ हैं और उन्हें विधानसभा पहुंचाया जाये। ऐसे वरिष्ठ भाजपाई को मौका मिले जिन्होंने पार्टी की सेवा की है और पार्टी जिन्हें पुरूस्कृत नहीं कर पाई। वरिष्ठ भाजपाईयों में कई चेहरों के नाम चल रहे हैं।

**सीनियर चेहरे को विधानसभा भेजकर दिया जाये सियासी निष्ठा का अवार्ड**

### क्या मिलेगा जगदीश साधना को उपचुनाव में मौका



करंट क्राइम। जगदीश साधना वरिष्ठ भाजपा नेता हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी वो पूरी तरह से एक्टिव रहते हैं। पार्टी के आंदोलन से लेकर पार्टी की बैठक तक वो सक्रिय रहे हैं। विपक्ष से लेकर सरकार तक उनका हर आयाम में योगदान है। इन वरिष्ठ चेहरे को भाजपा पंजाबी अकादमी के सदस्य से आगे कुछ नहीं दे पाई है। पंजाबी समाज कीभागीदारी की बात उठती है तो इस चेहरे का भी नाम चलता है। मेयर से लेकर विधानसभा तक दावेदारी रही है। स्वच्छ छवि के प्रतिष्ठित नेताओं में गिनती होती है। भाजपा अपने इन वरिष्ठ नेता को भी विधानसभा चुनाव लड़ने का मौका दे सकती है। इससे पंजाबी भागीदारी का भी फैक्टर पूरा होगा और वरिष्ठता का भी सम्मान होगा।

### क्या मास्टर अमरदत्त शर्मा जैसे वरिष्ठ कार्यकर्ता के हिस्से में आयेगा टिकट



करंट क्राइम। मास्टर अमरदत्त शर्मा भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। उनकी भाजपाई निष्ठा पर कभी सवाल उठ ही नहीं सकता। वो भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रहे हैं और आज भी भाजपा के हर कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी रहती है। सवाल यही है कि क्या भाजपा इनते वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता को विधानसभा का टिकट देकर चुनाव लड़वायेगी।

### क्या पृथ्वी सिंह कसाना के हिस्से में आयेगा टिकट



करंट क्राइम। पृथ्वी सिंह कसाना भाजपा के बुद्धिजीवी नेताओं में आते हैं। वो शिक्षाविद् हैं और एमएलसी से लेकर लोनी विधानसभा तक उनकी दावेदारी रही है। ये अलग बात है कि सरकारी जिम्मेदारी से लेकर विधान परिषद और विधानसभा की उम्मीदवारी तक उनका कहीं नंबर नहीं आया। बेहतरीन वक्ता है और मुद्दों की राजनीति करते हैं। अगर ओबीसी फैक्टर की बात है और वरिष्ठता का सम्मान है तो फिर भाजपा का ये ओबीसी चेहरा भी टिकट पाने का अधिकारी है।

### क्या मिलेगा वैश्य समाज के वरिष्ठ भाजपाई विजय मोहन को चांस



करंट क्राइम। विजय मोहन पुराने भाजपाई हैं और भाजपा का हर आंदोलन इस बात का गवाह है कि विजय मोहन ने बढ चढ़कर भाग लिया है। पार्टी के सभी कार्यक्रमों में वो मौजूद रहते हैं। इन दिनों वो भाजपा राजनीति में साईडलाईन चल रहे हैं। संघर्ष के दिनों से भाजपाई है और अब जब सरकार लगातार दूसरी बार रिपीट हुई है और ऐसे में अगर विधानसभा उपचुनाव होता है तो क्या भाजपा अपने इस कुशल वक्ता और समर्पित कार्यकर्ता को चुनाव में कोई चांस देगी।

### क्या पूरी करेगी विधानसभा वाली माई राजेश्वर की आस



करंट क्राइम। राजेश्वर प्रसाद पूर्व डिप्टी मेयर रहे हैं पुराने भाजपाई हैं। मदर्स डे पर उन्होंने विधानसभा के आगे खड़े होकर हाथ जोड़े। एक फोटो सोशल मीडिया पर डाला। वो पूछ रहे थे कि विधानसभा वाली माई मुझे कब बुलाओगी। क्या भाजपा अपने इतने पुराने कार्यकर्ता को विधानसभा भेजने का प्रयास करेगी। क्या राजेश्वर प्रसाद की पुकार को विधानसभा वाली माई सुनेगी और भाजपा उन्हें टिकट देगी।

### क्या बलदेवराज शर्मा को लड़ायेगी पार्टी चुनाव



करंट क्राइम। बलदेवराज शर्मा जनसंघ के समय के भाजपाई हैं। हालांकि पार्टी ने उन्हें पहली पारी में सरकारी जिम्मेदारी दी। उन्हें दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बनाया। उनके पौत्र शिवम को भी कविनगर से पार्षद का टिकट मिला और वो चुनाव जीते। बलदेवराज शर्मा की सक्रियता और पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी होना सभी के लिए एक प्रेरणा है। पूरी तरह से एक्टिव रहते हैं। हमेशा भाजपा का झंडा बुलंद करते हैं। वो ब्राह्मण और पंजाबी दोनों समाजों का प्रतिनिधित्व करते हैं। क्या भाजपा अपने इतने वरिष्ठ नेता को विधानसभा चुनाव में उतारेगी।

### तेलूराम काम्बोज वाला फार्मूला अपना सकती है भाजपा



करंट क्राइम। जब अति वरिष्ठ भाजपाईयों की बात चल रही है तो यहां तर्क दिया जा रहा है कि इस सीट से फिलहाल सरकार हिल नहीं रही है लेकिन यहां से किसी वरिष्ठ भाजपाई के विधायक बनने का रास्ता तैयार हो जायेगा। यहां भाजपाई दिवंगत मेयर तेलूराम काम्बोज फामुर्ले की बात कर रहे हैं। तेलूराम काम्बोज को भाजपा ने मेयर का टिकट देकर लाईफटाईम अवार्ड दिया था। पूरी भाजपा ने तेलूराम काम्बोज को चुनाव लड़ाया था और संघर्ष के बाद आधी रात को तेलूराम काम्बोज का चुनाव परिणाम आया था। तेलूराम काम्बोज मेयर बने थे और ये पहला मौका था जब इतने वरिष्ठ भाजपाई को जनता का चुनाव लड़ाकर भाजपा निगम के सदन में लाई थी। तो कहने वाले यही कह रहे है कि भाजपा यहां तेलूराम काम्बोज फामुर्ला भी फिट कर सकती है।

# क्या पुराने शहर के चारों तरफ बनने जा रहा है रिंग रोड प्लान

**200 करोड़ की लागत से बदल जायेगी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुराने शहर का पहले सौंदर्यीकरण हुआ जिसमें जवाहर गेट से लेकर डासना गेट का रिनोवेशन किया गया। उसके बाद कई अन्य कार्य हुए और अब एक ऐसा प्लान तैयार हो रहा है जिसमें शहर की पूरी ट्रैफिक व्यवस्था ही बदल जायेगी। सूत्र बताते हैं कि शासन स्तर से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है और जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। सूत्रों की माने तो प्लान के बाद पुराने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बदल जायेगी और ट्रैफिक का पूरा रूट ही चेंज हो जायेगा। सरकार इस प्लान पर 200 करोड रुपए खर्च करने जा रही है। बताया जात है कि पुराने शहर के अलावा अन्य 4 स्थानों पर भी ट्रैफिक के रूट को बदला जायेगा। सूत्र बताते हैं कि इससे पुराने शहर का एक तरह से रिंग रोड बनेगा और इसके पीछे तर्क ये दिया जा रहा है कि आने वाले समय की शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ेगा और शहर को ट्रैफिक की दबाव से कम करने के लिए यह प्लान जरूरी है।

### चार स्थानों पर बनेगा ऐसा ही रिंग रोड



प्रतीकात्मक चित्र

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बदलने के लिए सरकार 200 करोड रुपए खर्च करने को तैयार है और अधिकारी अपना प्लान लेकर तैयार हैं। केवल पुराने शहर का ही नहीं बल्कि चार और भी स्थान चिन्हित किये गये हैं जहां इस तरह के रिंग रोड बनाये जायेंगे। उससे पहले हापुड़ चुंगी पर काम चल रहा है। बताया ये भी जा रहा है कि यहां भी रूट को लेकर प्लान हो सकता है। बहरहाल 200 करोड़ की लागत से शहर में रिंग रोड बनने जा रहा है।

### चौधरी मोड़ से बस अड्डे का रूट भी हो जायेगा वन-वे

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि पुराने शहर में जो रिंग रोड तैयार हो रही है उसमें अब नए बस अड्डे से आने वाले वाहन ठाकुर द्वारा फ्लाईओवर से नहीं मुड़ेंगे, ये सीधा घंटाघर की तरफ जायेंगे। वहां से चौधरी मोड होते हुए बस अड्डे की तरफ आयेंगे। बताया जाता है कि इस नए प्लान में चौधरी मोड से बस अड्डे का रूट वन-वे हो जायेगा। हालांकि इस पर अभी विस्तार से रिपोर्ट आनी बाकी है। लेकिन बताया यही जा रहा है कि यह रिंग रोड पुराने बस अड्डे से चौधरी मोड, चौधरी मोड से घंटाघर, घटांघर से ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर और वहां से मीनामल की धर्मशाला होते हुए बस अड्डे पर आयेगा।

# चिंटू जी के सवाल पर ऑफ द रिकार्ड बोले वरिष्ठ भाजपाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हालांकि मतदान के बाद से ही भाजपा में लगातार वोट मार्जिन घट रहा है। सब अपने अपने बूथ की रिपोर्ट भी दे रहे हैं और ये भी दावा कर रहे हैं कि उनके बूथ पर भाजपा जीत रही है। लेकिन मतदान प्रतिशत को आधार बनाकर जीत का आंकड़ा लगातार घट रहा है। आठ लाख से शुरू हुआ ये दावा अब कहीं चार तो कहीं तीन पर सिमट आया है। ये दावा भी खुद भाजपाई कर रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के चिंटू जी ने पूछा था कि जीत का मार्जित तो आठ लाख की बात पर तय हुआ था। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि चार लाख से एक वोट भी कम हुआ तो शर्त हार जाऊंगा। वहीं विधायक ने कहा कि बात तो छह लाख की हुई थी और आपको अपने विधायकों पर विश्वास रखना चाहिए। आम चचाओं पर आधारित इस कॉलम को लेकर एक वरिष्ठ भाजपाई ने भी अपनी राय रखी है। वरिष्ठ भाजपाई भी दावा कर रहे हैं कि भाजपा यहां चुनाव जीतेगी लेकिन उनका कहना है कि पूर्व मेयर अशु वर्मा को अपने शब्दों की पूरी केयर करनी चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि जब वो हर चीज के प्रभारी रहे है तो बड़े मार्जिन से जीत वाली जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। लखनऊ से आ रही इस आवाज ने बताया कि वो रोड शो के भी प्रभारी थे और उनके पास ऐसी जिम्मेदारियां थी कि वो सब पर भारी थे। जब एक व्यक्ति पर इतना विश्वास किया गया है और उन्हें सबसे मजबूत काम दिया गया है तो फिर अशु वर्मा को अपनी जुबान पर कायम रहना चाहिए। उन्हें विश्वास रखना चाहिए कि मतदान कम होने से जीत पर फर्क नहीं पड़ेगा। लखनऊ से भाजपाई ने कहा कि अशु वर्मा को अपना चुनाव भी देख लेना चाहिए उसके बाद कम मतदान का हवाला देना चाहिए। अशु वर्मा जब चुनाव लड़े थे महज 17 फीसदी मतदान हुआ था। उसके बावजूद वो 40 हजार से भी अधिक वोटों से चुनाव जीते थे। अगर 17 फीसदी मतदान में कमल 40 हजार प्लस वोटों से खिल सकता है तो फिर लगभग 50 प्रतिशत के मतदान में जीत का आंकड़ा भारी रहेगा। विधायकों पर भरोसा रखना चाहिए। विधायकों ने अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में मेहनत की है और प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता ने अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत किया है।

**जब रहे हैं वो हर चीज के प्रभारी तो नहीं हटानी चाहिए उन्हें वोट मार्जिन वाली जिम्मेदारी**

# अधीनस्थों की कार्यशैली को लेकर जीडीए वीसी के तेवर सख्त




सभी प्रभारी अधिकारी को बता दिये उनके काम और उनकी जिम्मेदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीडीए वीसी अतुल वत्स अपने विभाग की कार्यशैली को लेकर सख्त हैं। वो अपने अधीनस्थ टीम को लेकर लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बीते दिनों कई तबादले किये और अब उन्होंने सहायक अभियन्ताओं से लेकर अवर अभियन्ताओं का कार्य विभाजन कर दिया है। उन्होंने प्रभारी अधिकारी, जोन प्रभारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता द्वारा अपने अपने जोन क्षेत्र में दिये जाने वाले कार्यों को स्पष्ट किया है। पत्र लिखकर 10 बिन्दुओं पर स्पष्ट किया है। पहले बिन्दु में उन्होंने अवैध निर्माण प्रभावी अंकुश और जोन में प्रभावी कार्यवाही के लिए कहा है। दूसरे बिन्दु में प्रवर्तन कार्य में तैनात सभी सहायक और अवर अभियन्ता को क्षेत्र का निरीक्षण कर यह आंकलन करना है कि उनके क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य न हो रहा हो। यदि अनाधिकृत निर्माण पाया जाता है तो क्षेत्रीय अभियन्ता का दायित्व निर्धारित किया जायेगा। बिन्दु संख्या 3 में उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन यह सुनिश्चित करेंगे कि समस्त सहायक व अवर अभियन्ता द्वारा प्रवर्तन कार्य में शिथिलता न बरती जाये और वो महीने की प्रथम तारीख में ध्वस्तीकरण आदेश के क्रियान्वयन, सीलिंग की कार्यवाही हेतु चिन्हित निमार्णों की सूची प्रस्तुत करेंगे। बिन्दु संख्या 4 में सभी न्यायालयों से जुडे वाद में कांउटर ऐफीडेविट और आख्या तैयार कर विधि प्रभारी के माध्यम से प्रस्तुत की जायेग। बिन्दु संख्या 5 में मुख्य मंत्री पोर्टल आईजीआरएस और जनप्रतिनिधि मामले आदि के निस्तारण का कार्य होगा। बिन्दु संख्या 6 में जोन के अन्तर्गत प्राधिकरण की योजना के रख रखाव और विकास कार्य को देखा जायेगा। बिन्दु संख्या 7 में मानचित्र समाधान दिवस, प्राधिकरण दिवस में उपस्थित होकर अपने अपने जोन की शिकायतों के निस्तारण का कार्य करेंगे। बिन्दु संख्या 8 में अवैध निमार्णों का शमन जनहित गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही तथा समय समय पर सौंपे गये अन्य कार्य किये जायेंगे। बिन्दु संख्या 9 में कहा गया है कि प्रवर्तन प्रभारी अधिकारी अपने जोन के समस्त कार्यों के नोडल होंगे। इसमें सभी जोनों के अभियन्त्रण से जुडे कार्यों को प्रभारी अधिकारी बताये गये हैं और बिन्दु संख्या 10 में कहा गया है कि सभी जोनों में तैनात सहायक अभियन्ता, सहायक प्रभारी सम्पत्ति द्वारा क्षेत्र में सम्पत्ति, किराया से सम्बन्धित समस्त कार्य सम्पादित कराये जायेंगे तथा जोन के अवर अभियन्ता को स्थलीय निरीक्षण हेतु निर्देशित किया जायेगा।

### रिटायरमेंट से पहले बना लिया काम को लेकर बैकअप प्लान

**करंट क्राइम।** जीडीए का कार्य प्रभावित ना हो और कोई भी फाईल पेंडिग ना हो इसके लिए जीडीए वीसी अतुल वत्स का विजन एकदम स्पष्ट है। 31 मई को जीडीए से कई सहायक अभियन्ता और अवर अभियन्ता रिटायर हो रहे हैं।

उसे लेकर पहले ही कार्य वितरण आदेशों में संशोधन किया गया है और कार्य निर्धारित कर दिया गया है। प्रभारी अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी, जोन प्रभारी और सब जोन प्रभारी के कार्य निर्धारित कर दिये गये हैं। ओएसडी कनिका कौशिक, ओएसडी-1 गुंजा सिंह, के अलावा अधिशासी अभियन्ता आलोक रंजन, अधिशासी अभियन्ता राजकुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता लवकेश कुमार को भी उनके जोन के कार्य निर्धारित कर दिये गये हैं। वहीं मास्टर प्लान, विधि अनुभाग, भूअर्जन अनुभाग, सम्पत्ति अनुभाग और कम्प्यूटर विज्ञापन विभाग के कर्मचारियों को भी उनके कार्य से अवगत करा दिया गया है।

# शुक्र है शातिर टप्पेबाज को गुड़गांव पुलिस ने कर लिया अरेस्ट वरना पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई थाना क्षेत्रों में शातिर पुलिस को नहीं करने देता रेस्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र में एक मशहूर फ्रूट्स शॉप के मालिक का टप्पेबाजी कर आईफोन उड़ने वाले शातिर टप्पेबाज अमित शर्मा निवासी दिल्ली शाहदरा को गुड़गांव की सीआईए सेक्टर-43 की टीम ने मंगलवार की देर रात गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कवि नगर थानाक्षेत्र में हुई एक टप्पेबाजी की घटना में भी शामिल बताया गया है। उसकी फुटेज बीते दिनों वायरल हुई थी। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया शातिर टप्पेबाज अमित शर्मा केवल आईफोन को ही उड़ने का काम करता है। यह अब तक दिल्ली-एनसीआर में दर्जनों वारदात को अनजान दे चुका है। सुनने में आया है कि इसके निशाने पर केवल आईफोन ही हुआ करते थे। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अमित टप्पेबाजी में उड़ने वाले इन मोबाइल फोन को दिल्ली की मोबाइल की सबसे बड़ी बाजार गफ्फार में बेचा करता था। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पूर्व में भी इसे नोएडा की पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फिलहाल राहत की बात यह है कि शातिर टप्पेबाज को गुड़गांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया वरना पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई थानाक्षेत्रों और पुलिस के अधिकारियों की टेंशन बढ़ सकती थी।



### एक साल पहले गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने भी किया था शातिर टप्पेबाज को गिरफ्तार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार शातिर टप्पेबाज दिल्ली निवासी अमित शर्मा को साल 2023 में गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने थाना-58 से टप्पेबाजी के मामले में गिरफ्तार किया था। जेल से कुछ माह पूर्व छूटकर आने के बाद फिर से अमित ने दिल्ली-एनसीआर को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया था। बता दें कि बीते दिनों गाजियाबाद के कवि नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत कवि नगर मार्केट स्थित फ्रूट कारोबारी के आईफोन उड़ाने के मामले में अमित द्वारा यह गाजियाबाद में पहली वारदात अंजाम दी गई थी।

**जेल से छूटने के बाद अमित ने दिल्ली-एनसीआर को फिर से बनाया निशाना**



सीसीटीवी कैमरे की जद में शातिर टप्पेबाज

### शातिर टप्पेबाज को कवि नगर पुलिस लेगी रिमांड पर


करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है की शातिर टप्पेबाज अमित शर्मा को जल्द ही गाजियाबाद की कवि नगर थाना पुलिस पूछताछ के लिए रिमांड पर लेकर आएगी। उससे घटना में उड़ाए गए मोबाइल फोन की बरामदगी का प्रयास करेगी। वैसे बताया जा रहा है कि आरोपी द्वारा यह मोबाइल फोन गफ्फार मार्केट दिल्ली में बेचा जा चुका है। देखना होगा आगे क्या कार्रवाई पुलिस इस मामले में करती है।

**गुड़गांव सेक्टर-43 की सीआईए टीम ने किया शातिर टप्पेबाज को गिरफ्तार**

### आईफोन उड़ने का मास्टरमाइंड है अमित

करंट क्राइम : टप्पेबाजी में एक्सपर्ट अमित शर्मा आईफोन उड़ने का मास्टरमाइंड है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इसके ऊपर नोएडा और गुड़गांव में दर्जनों केस दर्ज हैं। बीते दिनों गुड़गांव पुलिस गाजियाबाद की फोटो सामने आने के बाद इसकी तलाश में जुट गई थी। बताया जा रहा है कि कवि नगर थानाक्षेत्र में बीते रविवार को इसने जिस वारदात को अंजाम दिया था, उसके बाद गाजियाबाद के डीसीपी सिटी की टीम के साथ ही कवि नगर थाने की क्राइम टीम व एसीपी की टीम आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए आरोपी को खोज रही थी लेकिन ऐसी बीच गुड़गांव पुलिस के सेक्टर-43 की सीआईए ने इसे धर दबोचा है।

# पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे, बंगाल में विपक्ष पर बरसे अमित शाह



**हुगली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के हुगली के श्रीरामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और ममता बनर्जी, आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे।

अमित शाह ने कहा, ममता बनर्जी, कांग्रेस-सिंडिकेट कहती है कि आर्टिकल 370 को मत हटाओ। मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं, तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। यह नरेंद्र मोदी का शासन है। 5 साल हो गए खून की नदियां छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। नरेंद्र मोदी ने आर्टिकल 370 को हटाकर पूरे कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया। जब इंडी गठबंधन का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़ताल होती थीं। आज पाक अधिकृत कश्मीर में हड़ताल होती है, पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके में आजादी वाली नारेबाजी होती है। पहले कश्मीर में पत्थरबाजी होती थी, आज पीओके में पत्थरबाजी होती है।" अमित शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2 करोड़ 11 लाख पर्यटकों ने कश्मीर आकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है और पाक अधिकृत कश्मीर में आटे के भाव ने रिकॉर्ड बना दिया है। लेकिन, मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला देश को डराने का काम कर रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके की बात मत करो। मैं आज श्रीरामपुर की धरती से कहता हूं कि राहुल गांधी, आपको डरना है तो डरते रहिए, ममता बनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने आगे राज्य की तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने बंगाल के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। मैं ममता दीदी से पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक आपके लोग सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री रहे। लेकिन सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार ने बंगाल के विकास के लिए क्या किया। उनकी सरकार ने 10 साल में बंगाल के विकास के लिए मात्र 2 लाख करोड़ रुपये दिए। जबकि पीएम मोदी ने 10 साल में 9 लाख, 25 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया। लेकिन ये पैसा आप तक नहीं पहुंचा। क्योंकि ये 9 लाख करोड़ गुंडे खा गए।

# बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाने वालों की जब्त होनी चाहिए जमानत : मुख्यमंत्री योगी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को डाक बंगला मैदान में हमीरपुर लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में सीएम योगी ने कांग्रेस, सपा और बसपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि पिछली सरकारों में बुंदेलखंड में माफिया और डकैत पैदा किए गए थे। बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाया गया। ऐसे लोगों की जमानत जब्त होनी चाहिए। केंद्र और प्रदेश की मौजूदा सरकारों ने सबसे अधिक बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास पर फोकस किया है। इस क्षेत्र को नोएडा की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जिससे यहां के नौजवान पलायन नहीं करेंगे, बल्कि पूरी दुनिया से लोग यहां नौकरी और रोजगार के लिए आएंगे। सीएम योगी ने आल्हा-उदल और वीर



चंदेलों की भूमि को नमन करते हुए कहा, उनके लिए महोबा उनकी अपनी भूमि लगती है। बाबा गोरखनाथ ने यहीं गोरखगिरी में तपस्या की थी और आल्हा-उदल को यहीं अमरता का वरदान प्राप्त हुआ था। भाजपा सरकार गोरखगिरी में पर्यटन को नई ऊंचाई प्रदान कर रही है। बुंदेलखंड के साथ पिछली सरकारों ने बहुत अन्याय किया था। यह क्षेत्र प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। यहां नदी, नाले, खनन और पर्यटन की संभावना है। सपा सरकार ने यहां माफिया और डकैत पैदा करके जनता का शोषण किया। मुख्यमंत्री योगी ने महोबा के बारे में कही जाने वाली प्रसिद्ध कहावत महोबा वाले बड़े लड़इया, इनकी मार सही ना जाए का जिक्र करते हुए जनता से अपील की कि अपने वोट की मार से सपा, बसपा और कांग्रेस की जमानत जब्त करें।

उन्होंने कहा कि चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच हो रहा है। भाजपा का विरोध केवल दो लोग कर रहे हैं, एक वो जो रामद्रोही हैं और दूसरे जो पाकिस्तान का राग अलापते हैं। पाकिस्तान प्रेमियों को वहां जाकर कटोरा लेकर भीख मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रामभक्तों पर गोलियां चलाने वालों को वोट देकर पाप का भागीदार नहीं बनना चाहिए। 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार बनी। पहली बार जब मैं बुंदेलखंड आया तो यहां के नेताओं ने मुझसे कहा था कि बुंदेलखंड के लिए कुछ होना चाहिए। तब, मैंने कहा था कि बुंदेलखंड के लिए ऐसा करूंगा कि आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी।

## न्यूज डायरी

### शराब के लिए पत्नी ने नहीं दिए पैसे तो पति ने उतारा मौत के घाट



**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले के डंडई थाना क्षेत्र स्थित पचौर गांव में एक पति ने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पत्नी का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने अपने पति को शराब पीने के लिए पैसे देने से मना कर दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस से छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। मृतका के ससुराल वाले घटना के बाद से फरार बताए जा रहे हैं। मृतका के पिता ने बताया कि घर में शाम को चिकन बना था। आरोपी दामाद ने शराब पीने के लिए उनकी बेटी से पैसे मांगे जिसे लेकर बकझक हुई और उसने मेरी बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि दो साल पहले उनकी बेटी की शादी संजय राम से हुई थी। शादी के बाद से ही उनका दामाद शराब पीने के लिए पैसों के लिए जिद करता था। पैसा नहीं देने पर वह उसे प्रताड़ित करता था। मुझे अपनी बेटी के लिए न्याय चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि संजय की यह दूसरी शादी थी। पहली पत्नी की मृत्यु के बाद संजय ने दूसरी शादी की थी। थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने बताया कि प्रथम दृश्यता यह हत्या का मामला लग रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छह दोस्तों की सड़क दुर्घटना में मौत पर शोक प्रकट करने उनके घर पहुंचे भाजपा नेता ईश्वर मावी



**लोनी करंट क्राइम।** बुधवार को भाजपा नेता ईश्वर मावी न्यू विकास नगर, नवीन कुंज, गुलाब वाटिका और गिरी मार्केट कालोनी में मौत का शिकार हुए सभी 6 नौजवानों के घर पहुंचे और इस दुखद घटना पर गहरा अफसोस जताते हुए शोक व्यक्त किया। परिजनों से मुलाकात के दौरान भाजपा नेता ईश्वर मावी अपने आंसू नहीं रोक पाए। ईश्वर मावी ने बताया कि मरने वाले सभी लोग अपने परिवार में ऐसे इकलौते सदस्य थे जो अपने परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा कर रहे थे अब उनके परिवार में बचे हुए बुजुर्ग, बच्चों और महिलाओं की देखभाल करने वाला कोई नहीं रह गया है। बता दें कि सोमवार की देर रात हापुड़ जिले में नेशनल हाइवे 09 पर अल्लाहबख्शपुर टोल प्लाजा के पास लोनी के रहने वाले 7 दोस्तों की एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ पहुंच गई थी जिसे तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया था। हादसे में कार सवार सातों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनमें से डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया था। सचिन पुत्र राम किशन निवासी गिरी मार्केट लोनी गंभीर रूप से घायल हैं जो मेरठ में भर्ती हैं जबकि अनूप गुर्जर, रोहित सैनी, निक्की जैन, राजकुमार जैन, संदीप प्रजापति और विपिन सोनी की मौके पर ही मौत हो गई थी ये सभी लोग गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र के रहने वाले थे। मंगलवार की देर रात तक सभी का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### छात्रा ने सल्फास खाकर दी जान , पुलिस ने शव पंचनामा भर कर परिजनों को सौंपा

**मुरादनगर करंट क्राइम।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर हिसाली रेलवे फाटक के पास बीकॉम की परीक्षा देकर आ रही 20 वर्षीय छात्रा ने सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। मां की कैंसर से मौत के बाद छात्रा डिप्रेशन में चल रही थी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हिसाली मार्ग स्थित सूर्या विहार कॉलोनी निवासी अशोक कुमार परिवार सहित रहते हैं। उनकी 20 वर्षीय पुत्री निशा बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा थी। छात्रा की परीक्षा चल रही है। बुधवार सुबह छात्रा परीक्षा देने के लिए दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव दुहाई स्थित आईएएमआर कॉलेज में आई थी। छात्रा परीक्षा देकर कॉलेज से बाहर निकली और घर जाने के लिए ऑटो में बैठ गई। निशा दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव बसंतपुर सैंतली गेट के सामने उतरकर पैदल ही हिसाली मार्ग पर अपने घर सूर्या विहार कॉलोनी के लिए जाने लगी। जब वह रेलवे फाटक के पास अचानक बेहोश होकर गिर गई तो वहां मौजूद लोगों ने छात्रा को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे गाजियाबाद के नवीन हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और एक मीमो थाने भेज दिया। छात्रा के पिता अशोक कुमार ने बताया कि निशा की मां की कैंसर से काफी समय पहले मौत हो गई थी। मां की मौत के बाद से ही वह डिप्रेशन में चल रही थी। वह अक्सर मरने की बात कहती थी। उन्होंने बताया कि ऑटो से उतरकर निशा ने आत्महत्या करने के लिए सल्फास खा लिया। एसीपी ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को शराब घोटाले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बुधवार को समाप्त हो रही थी। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान, ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने हाई कोर्ट को बताया कि जांच एजेंसी जल्द ही आम आदमी पार्टी (आप) को शराब घोटाले में आरोपी बनाएगी और एक पूरक आरोप पत्र दायर करेगी। जांच एजेंसी ने पाया है कि 45 करोड़ रुपये की अपराध की आय, जो 'साउथ ग्रुप' से प्राप्त 'रिश्वत' का हिस्सा थी, का इस्तेमाल आप ने 2021-22 के गोवा विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए किया था। इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने पूर्व डिप्टी सीएम को जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिसोदिया की जमानत याचिका फरवरी से लंबित है।

# चारधाम यात्रा की तमाम व्यवस्थाओं पर रखी जा रही नजर : गढ़वाल कमिश्नर

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा करने के लिए तीर्थ यात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सरकार भी व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए है। इसी बीच चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं से जुड़े तमाम पहलुओं की गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने जानकारी ली। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने सचिवालय में मीडिया को बताया कि उत्तराखंड की धामी सरकार सभी यात्रियों की सुगम और सुरक्षित यात्रा करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यात्रा के लिए अभी तक 26 लाख 73 हजार 519 तीर्थ यात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिन यात्रियों का जिस तिथि के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया है, वो यात्री उसी तिथि



में यात्रा करेंगे तो व्यवस्थाएं बेहतर बनी रहेगी। यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए सरकार के स्तर पर सभी व्यवस्थाओं को बेहतर किया जा रहा है। परिवहन विभाग यात्रियों के रजिस्ट्रेशन के साथ ही आवाजाही की व्यवस्थाओं के लिए चेकिंग अभियान चलाएगा ताकि सभी यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराई जा सके। उन्होंने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार यात्रा में अभी तक 2 लाख 74 हजार यात्री दर्शन कर चुके हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार प्रत्येक धाम में दोगुनी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रियों की सहूलियत के लिए तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसके तहत गंगोत्री में यात्रियों के आने-जाने के लिए गेट सिस्टम लागू किया गया है। तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए ही उनकी ज्यादा संख्या होने पर उन्हें होल्ड किया जा रहा है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने यात्रा में अभी तक 11 लोगों के मौत होने की पुष्टि की है।

# पचायरा के सामने चल रहा था अवैध बालू खनन

**लोनी,करंट क्राइम।** पुलिस प्रशासन और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार देर रात पचायरा गांव के सामने अवैध रूप से चल रहे बालू खनन पर छापा मारकर दो जेसीबी मशीन, दो ट्रैक्टर तथा सात ट्रॉली पकड़ी हैं।

सोमवार देर रात एसडीएम लोनी प्रशांत तिवारी, तहसीलदार रजत सिंह तथा खनन अधिकारी उत्कर्ष तिवारी ने पुलिस के साथ लोनी के पचायरा गांव के सामने अवैध रूप से चल रहे बालू खनन पर छापा मारा। मौके पर दो जेसीबी मशीन, दो ट्रैक्टर तथा सात ट्रॉली बालू खनन करते पाए गए। अधिकारियों की टीम को मौके पर देख एक जेसीबी मशीन का चालक उसे यमुना के बीच से दिल्ली की तरफ लेकर भागने लगा, लेकिन वह दलदल

**अधिकारियों ने छापा मारकर एक जेसीबी, दो ट्रैक्टर तथा सात ट्राली पकड़ीं**

में फंस गई। सभी वाहनों को सीज कर ट्रॉनिका सिटी थाने पर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। जबकि दिल्ली की तरफ भागी जेसीबी मशीन के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए दिल्ली के पुलिस प्रशासन को सूचित कर दिया गया है।

**काफी दिनों से चल रहा था अवैध खनन**

**करंट क्राइम।** आस पास के गांवों के लोगों ने बताया कि उक्त अवैध बालू खान करीब तीन माह से चल रही थी, लेकिन शिकायत करने के बाद भी कोई अधिकारी सुनवाई के लिए तैयार नहीं था। खान संचालक रात के समय ट्रैक्टर ट्रॉली से बालू खनन कर सुंगरपुर और मंडोला गांव में एक निर्धारित स्थल पर डालते थे तथा वहां से ट्रक भरकर बेचते थे।

# कहां हैं स्वाति मालीवाल, क्या समझौते के लिए डाला जा रहा है दबाव? , भाजपा ने किए केजरीवाल से सवाल

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम आवास पर हुई अभद्रता पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सीधे सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि 48 घंटे बीत गए हैं, सबके मन में यह सवाल है कि सुल्तान साहब के शीशमहल में क्या हो रहा है? उन्होंने सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और आतिशी की चुप्पी पर प्रश्न किए। स्वाति मालीवाल के साथ हुई अभद्रता को लेकर भाजपा की महिला कार्यकताओं ने बुधवार सुबह सीएम हाउस पर प्रदर्शन भी किया। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने 13 मई को पीसीआर कॉल करके कहा था कि सीएम हाउस में उनसे मारपीट हुई है। इन आरोपों के बाद आम आदमी पार्टी



के सांसद संजय सिंह ने भी स्वीकार किया कि स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता हुई है। शाजिया ने कहा कि इस घटना के बाद से स्वाति मालीवाल गायब हैं। उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है, क्या स्वाति मालीवाल पर समझौता करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। हमें उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता है। शाजिया ने आम आदमी पार्टी के लिए कहा, मैं सभी को जानती हूं, उनके डायनामिक्स को जानती हूं, वहां की गंदगी अब बाहर आई है और मैंने इस कारण 'आप' छोड़ी थी। कुछ इसी तरह का मामला नरेला के तत्कालीन विधायक शरद चौहान के खिलाफ भी था। एक महिला, चौहान के खिलाफ शिकायत लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंची थीं। लेकिन, केजरीवाल ने उसे समझौता करने को कहा। इसके बाद उस महिला को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि क्या सीएम अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के रिश्तों में खटास आई है। आखिर मुख्यमंत्री के आरोपी निजी सहायक विभव पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? इससे पहले मंगलवार रात असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट पर राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से संज्ञान लेने की मांग की थी। उन्होंने दिल्ली के सीएम के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की थी। उन्होंने कहा था कि सुनीता केजरीवाल को भी यह बताना चाहिए कि स्वाति मालीवाल की पिटाई क्यों की गई? वहीं, भाजपा के दिग्गज नेता शिवराज सिंह चौहान ने स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की घटना की निंदा करते हुए कहा कि जब एक द्रौपदी का अपमान हुआ था तो महाभारत की लड़ाई हो गई थी और कौरवों के पूरे वंश का विनाश हो गया था। यहां दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास पर स्वाति मालीवाल का जो अपमान किया गया, उसे भारत की यह धरती सहन नहीं करेगी। उन्होंने अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी और कांग्रेस के साथ पूरे विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ ममता बनर्जी के राज में पश्चिम बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना हो रही है। वहीं, दिल्ली में सीएम आवास पर एक महिला के साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है।

## नीतीश कुमार का नाम लेकर भ्रम फैला रहे हैं तेजस्वी : चिराग

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि नीतीश कुमार भले ही एनडीए में हों, लेकिन हैं हमारे साथ। इस पर लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा, साथ ना होने के बावजूद भी तेजस्वी यादव राजनीतिक लाभ के लिए हमारे मुख्यमंत्री का नाम ले रहे हैं। नीतीश कुमार के नाम पर तेजस्वी भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, तेजस्वी यादव जागरूक जनता को बहला-फुसला नहीं सकते। वो जमाना जा चुका है जब लोगों को बहला-फुसला कर वोट ले लिया जाता था। उन्होंने कहा, पांचवें चरण का चुनाव नजदीक होने के बावजूद इंडी गठबंधन के घटक दल अभी तक साथ नहीं दिखे हैं, जबकि बीते दिनों पीएम मोदी की रैली से हमारे गठबंधन की एकजुटता प्रदर्शित हुई थी। उन्होंने कहा, गांधी परिवार को बिहार की कोई चिंता नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी लोकसभा सीट के लिए नामांकन की तारीख बढ़ाने की याचिका खारिज की



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी सीट से नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 14 मई से बढ़ाने की मांग वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नेशनल साउथ इंडियन रिवर इंटरलिंकिंग फार्मर्स एसोसिएशन की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष पी. अय्याकन्नू द्वारा दायर याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन करार दिया। अधिवक्ता एस. महेंद्रन के माध्यम से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि अय्याकन्नू तथा उनके दूसरे साथी किसानों को 10 मई को उस समय ट्रेन से जबरन उतारकर पुलिस हिरासत में ले लिया गया जब वे नामांकन पत्र भरने के लिए वाराणसी जा रहे थे। याचिका में कहा गया है कि उन्हें शाम को छोड़ा गया। इसका एक मात्र कारण यह था कि प्रधानमंत्री भी उसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया था कि करीब 100 किसानों का समूह लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लड़ने के लिए तिरुचि से काशी तमिल एक्सप्रेस से बनारस आ रहा था। उन्हें चेंगलपट्टू स्टेशन पर उतारकर वापस तिरुचि भेज दिया गया। याचिका में कहा गया था, एसोसिएशन ने घोषणा की थी कि किसानों से किये गये वादे पूरे करने में विफल रहने के लिए और कृषि उत्पादों की उचित कीमत तथा सभी कृषि ऋण माफ करने की अपनी मांगों के समर्थन में 111 किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाप चुनाव लड़ेंगे।

# हाजीपुर में 'जागरूक मतदाता मंच' ने राजद प्रत्याशी को दिया समर्थन

**हाजीपुर।** बिहार के हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने बुधवार को 'जागरूक मतदाता मंच' के बैनर तले राजद के शिवचंद्र राम को समर्थन देने तथा लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशी चिराग पासवान का विरोध करने की घोषणा की। 'जागरूक मतदाता मंच' के बैनर तले महापंचायत का आयोजन इंजीनियर रविंद्र सिंह के नेतृत्व में पासवान चौक के पास किया गया। इस दौरान महापंचायत में शामिल हुए तमाम राजनीतिक एवं सामाजिक प्रबुद्धजनों ने हाजीपुर संसदीय क्षेत्र के हित में ध्वनिमत से चिराग पासवान को हराने और हाजीपुर से राजद उम्मीदवार शिवचंद्र राम को विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस महापंचायत में कई जनप्रतिनिधि, किसान, व्यवसायी और नौजवानों के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में इंजीनियर रविंद्र सिंह ने कहा कि सवर्ण समाज की सक्रियता एवं व्यापक भागीदारी ने सुनिश्चित कर दिया कि सवर्ण समाज काफी आक्रोश में है। महापंचायत का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में समाज की भूमिका पर



केंद्रित है। उन्होंने कहा कि हम एवं हमारे जैसे बहुत सारे लोगों ने तन, मन और धन से लोजपा (रामविलास) को ऊंचाई पर लाने का कार्य किया। लेकिन, इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के दोहरे चरित्र को देखा तो काफी आहत हुए। चिराग पासवान कहते हैं कि वे पिता की विरासत को संभालने हाजीपुर आए हैं, इससे यह सिद्ध होता है कि उनकी मंशा बाबा साहेब द्वारा लिखित संविधान के खिलाफ है। पिता की राजनीतिक विरासत पुत्र संभाले, इसका जिक्र संविधान में कहीं नहीं है। यह प्रजातंत्र है और जनता अपना प्रतिनिधि स्वयं चुनती है, सिर्फ पिता के नाम पर कितने दिन राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा कि इस महापंचायत के माध्यम से समाज का फैसला सर्वोपरि है और हाजीपुर की संपूर्ण जनता चिराग पासवान के खिलाफ है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पंच सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला भी उपस्थित रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# लगातार सपाई कर रहे हैं बूथ वाला चैलेंज स्वीकार, पर अभी भी हैं कई ऐसे जिनके बंद हैं मुख के द्वार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गजियाबाद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान हो चुका है। मतदान होने के बाद सभी राजनीतिक दल अपने प्रत्याशी को विजई बता रहे हैं। कोई जीत का आंकड़ा बता रहा है, तो कोई अपने बूथ से लेकर विधानसभा तक का हाल बता रहा है। दैनिक करंट क्राइम ने समाजवादी पार्टी के अलग-अलग नेताओं से बातचीत की और उनके बूथ का हाल जाना। जहां कई ओपन चैलेंज में सपा नेता पा तो कई फेल भी हो गए। वहीं कई बेबाकी से अपनी राय दे रहे थे, तो कई ऐसे भी नेता थे जो सवालों से कन्नी काट रहे थे। प्रस्तुत है समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं से की गई बातचीत और उनके बूथ की रिपोर्ट को लेकर आधारित खबर।



**दैनिक करंट क्राइम ने समाजवादी पार्टी के अलग-अलग नेताओं से की बातचीत**



## कइयों ने बताया बूथ और किया जीत का दावा

करंट क्राइम : दैनिक करंट क्राइम ने सपा नेता विक्रांत पंडित जो कि प्रदेश सचिव युवजन सभा हैं, उनसे बातचीत की। उन्होंने बताया कि उनका बूथ संख्या- 1064 और विधानसभा साहिबाबाद है। उन्हें उम्मीद है कि साहिबाबाद विधानसभा सीट पर गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा की जीत होगी। इसके साथ ही प्रवेश बसोया जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद ने बताया कि उनका बूथ संख्या- 482 और 483 है जबकि लोनी उनकी विधानसभा है। उनको भी जीत का भरोसा है। साथ ही जिला पंचायत सदस्य सपा विकास यादव ने बताया कि उनका बूथ संख्या 18 है और उम्मीद है कि गठबंधन की यहां जीत होगी। इसके साथ ही विक्की ठाकुर युवजन सभा ने बताया कि उनका बूथ संख्या- 143 है और उन्हें जीत का भरोसा है। वहीं पार्षद आदिल मलिक ने बताया कि उनका बूथ संख्या- 180 और विधानसभा साहिबाबाद सीट है। यहां से संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा की जीत निश्चित है।



## यह नेता नहीं बता पाए बूथ और जवाब दिया गोलमोल

**धर्मवीर डबास नहीं बता पाए बूथ संख्या**



**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मवीर डबास से बातचीत की गई, तो वह बूथ संख्या बता नहीं पाए और उन्होंने जवाब गोल-मोल दे दिया। इसी के साथ विधानसभा अध्यक्ष लोनी दिनेश गुर्जर से बातचीत की गई तो वह अपना बूथ संख्या नहीं बता पाए। उन्होंने कहा कुछ देर में फोन करके जानकारी देता हूं। अब ऐसे में कई समाजवादी पार्टी के नेता बूथ के चैलेंज पर खुलकर सामने आ रहे हैं, तो अभी भी कई ऐसे सपा नेता हैं जो मुख के द्वारा बंद किए हुए हैं।



# हापुड़ में एक्सीडेंट के बाद हरकत में आए डीएम गाजियाबाद सड़क सुरक्षा को लेकर 10 दिन बाद होगी फिर बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को हापुड़ जनपद में लोनी के रहने वाले 6 लोगों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हुई थी। इस हादसे के बाद गाजियाबाद पुलिस-प्रशासन भी जाग गया है। बुधवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों पर अभी तक की गई कार्रवाई का लेखा-जोखा मांगा, जो अधूरा था। इसको लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को 10 दिन के भीतर पूरी प्रमुखता के साथ रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूर्ण विवरण व कार्य की फोटो सहित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया गया है।

**पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई ना होने पर डीएम ने जताई नाराजगी**



## तय ब्लैक स्पॉट और मृत्यु वाली घटनाओं की देनी होगी जांच के साथ पूरी रिपोर्ट

**करंट क्राइम :** जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को तुलनात्मक विश्लेषण, जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक रिपोर्ट, ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा, परिवर्तन कार्रवाई की समीक्षा, तीन या तीन से अधिक मृत्यु वाली सड़कों की जांच सहित अन्य बिंदुओं पर हुई चर्चा को 10 दिन में पूरा करने का निर्देश दिया है। साथ ही ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और जहां दुर्घटनाएं होती रही हैं वहां की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस बैठक में अपर पुलिस आयुक्त यातायात वीरेंद्र कुमार, डीआईओएस राजेश श्रीनिवास, बीएसए ओम प्रकाश यादव, अधिशासी अभियंता रामराजा, देशराज सिंह व डीके शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का दिया निर्देश**

# किस आईएएस अधिकारी ने कर दिया पीसीएस अधिकारी को जिम्मेदारी से मुक्त

**गूंज रहा है किस्सा व्हाट्सऐप ग्रुप के एडमिन पद से हटाये जाने का**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकारी विभाग में नाराजगी भी कई तरीके से दिखाई जाती है और कार्यवाही भी कई तरीके से होती है। हर अधिकारी का अपना अंदाज होता है और अक्सर एक अधिकारी दूसरे अधिकारी पर एक्शन लेने से परहेज रखता है। लेकिन कई बार ऐसा भी हो जाता है कि परहेज से दुरहेज भी नहीं रखा जाता।

यूं तो सरकारी विभाग में कई तरीके की कार्यवाही है मौखिक चेतावनी भी है और प्रतिकूल प्रविष्टि भी है। वेतन रोकने का भी सीन हो जाता है और अगर बात बढ़ जाये तो निलंबन तक नौबत आती है। प्राविधान कई है जोर सावधान होने पर दिया जाता है। लेकिन इन दिनों एक बड़े सरकारी विभाग में किस्सा व्हाट्सऐप के ग्रुप के एडमिन पद से हटाये जाने का गूंज रहा है। ऐसी व्हाट्सऐप वाली कार्यवाही




पहली बार हुई है। किस्सा उस विभाग का है जहां एक आईएएस अधिकारी ने पीसीएस अधिकारी को व्हाट्सऐप ग्रुप से हटा दिया।

बताते हैं कि सरकारी विभाग के इस व्हाट्सऐप ग्रुप में कई कर्मचारी भी जुड़े थे और इस ग्रुप के एडमिन एक पीसीएस अधिकारी हैं जो इन दिनों ग्रुप पर अपनी उपलब्धियां भी बता रहे थे। सूत्र बताते हैं कि व्हाट्सऐप ग्रुप पर अपनी महिमा का बखान खुद करने वाली ये अदा आईएएस अधिकारी को पसंद नहीं आई। आईएएस अधिकारी भी कड़क मिजाज के हैं और सूत्र बताते हैं कि उन्होंने मौखिक आदेश जारी कि ये कि उनकी अनुमति के बिना व्हाट्सऐप ग्रुर पर कोई सूचना ना डाली जाये।

बताया जाता है कि फिर कुछ ऐसा हुआ कि आईएएस अधिकारी खफा हो गये और उन्होंने पीसीएस अधिकारी को ही व्हाट्सऐप के एडमिन पद से हटा दिया। विभाग वाले बता रहे हैं कि इसे भी एक तरीके की चेतावनी ही माना जाये। मौखिक चेतावनी और लिखित चेतावनी के बाद ये सोशल मीडिया वाली चेतावनी है। बहरहाल किस्सा गूंज रहा है।

# पुलिस लाइन में लगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का बोर्ड कभी भी बन सकता है हादसे की वजह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 10 मई की रात गाजियाबाद में अचानक तेज आंधी और तूफान आया था। इस आंधी तूफान में पुलिस लाइन स्थित गेट नंबर-1 के ऊपर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का लगा बोर्ड क्षतिग्रस्त हो गया है।

**10 तारीख को आई आंधी के बाद से जर्जर हालत में है बोर्ड**

क्षतिग्रस्त होकर यह बोर्ड अब लोहे के पिलर पर उल्टा हो गया है। यह कभी भी गिर सकता है, जिससे कोई हादसा भी हो सकता है। बीते दिनों मुंबई में एक विज्ञापन होल्डिंग गिरने से दर्दनाक हादसा हुआ था। जिसमें कई लोगों की मौत होने के साथ ही कई लोग घायल हुए थे हालांकि पुलिस लाइन में लगा यह बोर्ड इतना विशालकाय नहीं है लेकिन इसके गिरने से हादसा आवश्यक हो सकता है। कई दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक आलाधिकारियों की इस पर ना तो नजर गई है और ना इसे ठीक करने की कोई अभी तक सुध ली गई है।



## क्या हुआ था कमजोर बोर्ड और पैनल का इस्तेमाल

करंट क्राइम : पुलिस लाइन के मुख्य गेट पर लगे इस पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले बोर्ड की हालत बता रही है कि या तो इसके पैनल की क्वालिटी बेहद हल्की थी, या कमजोर बोर्ड का इस्तेमाल किया गया था। जो तेज तूफान ने यह है बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया है। बीते पांच दिनों से यह बोर्ड खराब पड़ा है, इसकी लाइट भी बंद है लेकिन इस ओर अभी तक किसी आलाधिकारी का ध्यान नहीं जाना भी हैरानी वाली बात है, जबकि इस गेट से सुबह से लेकर देर रात तक कई आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों की गाड़ी भी रोजाना निकलती हैं।

# साइबर थाने ने किया शेयर ट्रेडिंग के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ 10 राज्यों से जुड़े 32 केस खोले, तीन गिरफ्तार

**आरोपियों से लगभग साढ़े 29 लाख कैश हुआ रिकवर**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना साइबर क्राइम ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने पांच मोबाइल, चार चेक बुक, दो चेक, तीन एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, वोटर आईडी, मोहरें और 10 राज्यों की लगभग 32 घटनाओं का खुलासा करते हुए, साढ़े 29 लाख रुपए रिकवर किए हैं। गाजियाबाद के रहने वाले कुशल पाल सिंह से शेयर ट्रेडिंग में इन्वेस्ट कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर लगभग 70 लाख रुपए की ठगी हुई थी। इस मामले में थाना साइबर क्राइम गाजियाबाद की टीम लगी हुई थी। जिसमें उन्हें सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने रोचक जानकारी यह दी है कि गिरफ्तार हुए रवि शर्मा निवासी मथुरा की शिक्षा 12वीं पास है।

**गाजियाबाद के रहने वाले कुशल पाल सिंह से शेयर ट्रेडिंग में इन्वेस्ट कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर लगभग 70 लाख रुपए की हुई थी ठगी**

सुशील शर्मा देहरादून निवासी वह बीकॉम पढ़ा हुआ है। वहीं भानू राघव उर्फ विक्की भी 12वीं पास है। कम पढ़े लिखे यह शातिर ठग पढ़े लिखे लोगों को पहले अपने जाल में फंसाते हैं और फिर मोटी कमाई का झांसा देकर उनसे लाखों की ठगी किया करते थे। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बुधवार को पत्रकारवार्ता में गिरोह के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




## साइबर थाना प्रभारी खुद कर रहे थे पूरी मॉनिटरिंग

करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद यहां साइबर थाना क्राइम बनाया गया। यहां के प्रभारी संतोष तिवारी हैं। वह खुद इस पूरे मामले की मॉनीटरिंग कर रहे थे। साथ ही इसमें एसीपी स्तर के अधिकारी समय-समय पर समीक्षा कर रहे थे। यह बड़ा मामला था जो थाना साइबर क्राइम ने दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू की और फिर इसमें सफलता मिली। कुल 32 घटनाओं का खुलासा करने के साथ ही इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने साढ़े 29 लाख रुपए रिकवरी भी की है।

**यह बड़ा मामला था जिसमें थाना साइबर क्राइम ने सफलता हासिल की**

## विदेश में बैठा है ठगों का हेड, लोकल ठग फंसाते हैं शिकार

करंट क्राइम : पुलिस से जानकारी मिली है कि आरोपी रवि शर्मा अपने साथी सुशील शर्मा एवं भानु राघव, मनोज कुमार के साथ मिलकर फर्जी फार्मो के नाम पर करंट अकाउंट खुलवाकर विदेश में बैठे प्रोडक्ट को अकाउंट के ट्रेडिशनल व्हाट्सएप पर भेज दिया करता था। फिर धोखाधड़ी का खेल शुरू होता था और अपने खातों में मोटी रकम डलवा लेते थे। इस फ्रॉड के लिए इनको केवल एक प्रतिशत की धनराशि सर्विस टैक्स के रूप में दी जाती थी। पुलिस ने बताया है कि इस घटना में मनोज कुमार के माध्यम से कठैत फाइनेंशियल सर्विसेज देहरादून नाम से फर्जी फॉर्म बनाकर करंट अकाउंट पंजाब नेशनल बैंक की सहस्त्रधारा शाखा में खोला गया। बताया गया है कि इस अकाउंट के जरिए 32 घटनाओं के कुल 6.5 करोड़ रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ। जिसमें खाते में 52 लाख रुपए फ्रीज कराए गए। पुलिस ने इस मामले में रवि शर्मा, सुशील शर्मा और भानू राघव को धोखाधड़ी के समान के साथ डासना कट थाना मसूरी से गिरफ्तार किया है।



## कई राज्यों में फैला है इस गैंग का नेटवर्क

**करंट क्राइम :** पुलिस के सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप और बैंकों की स्लिप दिखाकर यह लोगों को ठगने का काम किया करते थे और मोटी रकम अब तक देशभर के कई राज्यों में ठग चुके हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर, गुजरात के आनंद का भावनगर, तापी, कर्नाटक राज्य के बेंगलुरु शहर, मैसूर, केरल राज्य के त्रिशूल ग्रामीण, कोझिकोड शहर कन्नूर ग्रामीण के साथ ही मध्य प्रदेश राज्य में इंदौर, ग्वालियर, महाराष्ट्र के ठाणे, औरंगाबाद, मुंबई, उड़ीसा राज्य में कटक, तेलंगाना राज्य के साथी हैदराबाद ,उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, लखनऊ, पश्चिम बंगाल में कोलकाता सेंट्रल डिविजन के कई जिलों में इन पकड़े गए आरोपियों के सहयोगियों पर मुकदमे दर्ज हैं। जिनकी संख्या लगभग 32 बताई जा रही है।

**सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप और बैंकों की स्लिप दिखाकर यह लोगों को ठगने का काम किया करते थे।**

## गूगल और एप्पल कंपनी ने की मदद तो पकड़े गए आरोपी

करंट क्राइम : पुलिस से जानकारी मिली है कि गूगल कंपनी और एप्पल कंपनी ने इन शातिर सेटिंग ऐप से संबंधित क्रैडेंशियल और एप्प उनके प्लेटफार्म से हटाने के लिए पत्राचार किया गया था। जिसमें दोनों कंपनियों की भूमिका पुलिस के पक्ष में रही और यह बड़ी वजह है, जिसकी वजह से पुलिस इन आरोपियों तक पहुंच पाई है। बताया जा रहा है कि उनके द्वारा देशभर में अब तक दर्जनों वारदातें की जा चुकी हैं।



## संपादकीय

# मतदान को लेकर नागरिक अधिकार

वोट देने का अधिकार मौलिक अधिकार है या संवैधानिक अधिकार, यह हमेशा से बहस का विषय रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वोट देने का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है। अब, फैसले ने एक सवाल खड़ा कर दिया है कि मतदान का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार क्यों है? मतदान का अधिकार भारत के संविधान में अनुच्छेद 326 के तहत उल्लिखित है। वे अधिकार जो भारतीय संविधान में निहित हैं और भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए हैं, और भाग के अंतर्गत नहीं आते हैं, संवैधानिक अधिकारों के रूप में जाने जाते हैं। चूँकि वोट देने का अधिकार संविधान के अंतर्गत वर्णित है ना कि मौलिक अधिकारों की श्रेणी में, इसलिए इसे संवैधानिक अधिकार कहा जाता है। 1950 में 'सार्वभौमिक मताधिकार' की अवधारणा के तहत भारत के नागरिकों को पूर्ण मतदान अधिकार की गारंटी दी गई। सभी भारतीय जो वोट देने के पात्र हैं, उनके पास वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने और राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर है। 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीय नागरिक, जाति, धर्म, सामाजिक वर्ग या आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना, भारतीय संविधान के तहत वोट देने के हकदार हैं।

एक मतदाता के रूप में आपके पास विशेषाधिकार हैं, जिनकी गारंटी संविधान द्वारा दी गई है, जो मतदाता अधिकारों की रक्षा करता है। यह उन शर्तों को भी स्थापित करता है जिन पर नागरिक इस अधिकार के हकदार हैं। 1988 के 61वें संवैधानिक संशोधन ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव के लिए मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी। भारतीय संविधान के अनुसार, वे सभी भारतीय नागरिक जिन्होंने मतदान के लिए पंजीकरण कराया है और जिनकी आयु अठारह वर्ष से अधिक है, मतदान करने के हकदार हैं। ये लोग नगरपालिका, राज्य, जिला और स्थानीय सरकारी निकायों के चुनावों में मतदान करने के पात्र हैं। किसी को भी मतदान करने से तब तक नहीं रोका जा सकता जब तक कि वह अयोग्यता की आवश्यकताओं को पूरा न कर ले। प्रत्येक मतदाता को केवल एक वोट डालने की अनुमति है। योग्य मतदाताओं को फोटो चुनाव पहचान पत्र या ईपीआईसी कार्ड प्राप्त करने के लिए उस निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकरण कराना होगा जिसमें वे अब रहते हैं। यदि कोई पंजीकृत नहीं है या उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो उसका चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना निषिद्ध है। भारतीय संविधान द्वारा मतदान को लेकर कुछ अधिकार भी दिए गए हैं। प्रत्येक मतदाता को चुनाव में खड़े उम्मीदवारों के बारे में जानकारी पाने का अधिकार है। मतदाताओं को वोट न डालने का विकल्प भी दिया गया है, और इसे सिस्टम में नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) के रूप में नोट किया गया है। जो मतदाता शारीरिक विकलांगता या किसी अन्य प्रकार की दुर्बलता के कारण मतदान करने में असमर्थ हैं और जो डाक मतपत्र का उपयोग करने में असमर्थ हैं, वे निर्वाचन अधिकारी से विशेष सहायता का अनुरोध कर सकते हैं, जो उनका रिकॉर्ड करेगा। चुनाव संहिता के दिशानिर्देशों के अनुसार मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है।

# पाकिस्तानी कारोबारी ने की पीएम मोदी की तारीफ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी व्यवसायी साजिज तरार ने कहा है कि नरेंद्र मोदी एक मजबूत नेता हैं, उन्होंने भारत को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाया है, और उनके तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है। तरार का मानना है कि मोदी न केवल भारत के लिए, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर और दुनिया के लिए भी फायदेमंद हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक पाकिस्तान को भी इसी तरह की क्षमता वाला नेता मिलेगा। उन्होंने कहा, मोदी एक असाधारण नेता हैं। वे एक प्राकृतिक जन्मजात नेता हैं। वह एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया है और अपनी राजनीतिक पूंजी को जोखिम में डाला।

मुझे उम्मीद है कि मोदीजी पाकिस्तान के साथ बातचीत और व्यापार शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, शांतिपूर्ण पाकिस्तान भारत के लिए भी अच्छा है। हर जगह इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि मोदी जी भारत के अगले प्रधानमंत्री होंगे। पीएम मोदी ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान से जुड़ने की इच्छा जताई तरार ने मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान के साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है और इस प्रक्रिया में अपनी राजनीतिक पूंजी को जोखिम में डाला है। तरार को उम्मीद है कि मोदी पाकिस्तान के साथ बातचीत और व्यापार शुरू करेंगे, तरार ने इस बात पर जोर दिया कि एक शांतिपूर्ण पाकिस्तान भारत के लिए फायदेमंद है। तरार ने कहा कि उन्हें व्यापक रूप से यह उम्मीद है कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में फिर से चुने जाएंगे। 1990 के दशक में अमेरिका चले जाने के बावजूद, तरार का पाकिस्तान के साथ मजबूत संबंध है।

# गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का खुला आईपीओ




**मुंबई।** जनरल इंश्योरेंस कंपनी गो डिजिट का आईपीओ बुधवार से निवेश के लिए खुल गया है। इस आईपीओ का इश्यू साइज 2,614.65 करोड़ है, जिसमें से 1,125 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 1,489.65 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) है। यह आईपीओ शुक्रवार को निवेशकों के लिए बंद हो जाएगा। गो डिजिट आईपीओ का प्राइस बैंड 258 रुपये से लेकर 272 रुपये तय किया गया है। इसका लॉट साइज 55 शेयरों का है। खुदरा निवेशकों को आईपीओ में भाग लेने के लिए कम से कम एक लॉट की बोली लगानी होगी। इस पब्लिक इश्यू में योग्य संस्थागत निवेशक के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित किया गया है।

वहीं, गैर-संस्थागत निवेशकों और रिटेल निवेशकों के लिए क्रमशः 15 प्रतिशत और 10 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित है। कंपनी ने एंकर निवेशकों से 1,176.59 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एंकर निवेशकों में फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, गोल्डमैन सैक्स, एसीएम ग्लोबल फंड, आईटीपीएल इनवेस्को इंडिया म्यूचुअल फंड, कस्टडी बैंक ऑफ जापान, श्रोडर इंटरनेशनल, ईस्ट स्प्रिंग इन्वेस्टमेंट्स इंडिया, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, एक्सिस म्यूचुअल फंड, मिराए एसेट म्यूचुअल फंड, अशोक व्हाइटओक म्यूचुअल फंड, मालाबार म्यूचुअल फंड और स्टीडव्यू कैपिटल मॉरीशस लिमिटेड जैसे फंड्स के नाम शामिल हैं। गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी है। यह ग्राहकों को हेल्थ, ट्रेवल, ऑटो के साथ प्रॉपर्टी और अन्य प्रकार के बीमा उत्पाद उपलब्ध कराती है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर तक) में 129 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इस दौरान कंपनी की आय 5,750.21 करोड़ रुपये रही है। कंपनी के प्रवर्तकों में कामेश गोयल, गो डिजिट इन्फोवर्क्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ओबेन वेंचर्स एलएलपी और एफएएल कॉर्पोरेशन शामिल हैं। क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने भी इस कंपनी में निवेश किया हुआ है।

ब्रोकरेज फर्म मास्टर कैपिटल सर्विसेज ने गो डिजिट के आईपीओ पर कहा कि गैर-जीवन बीमा क्षेत्र वित्त वर्ष 2018 से लेकर वित्त वर्ष 2023 के बीच 11.2 फीसदी प्रतिवर्ष की दर से बढ़ा है। गो डिजिट का ध्यान इस वृद्धि दर को केंद्र में रखते हुए नए ग्राहकों का अधिग्रहण करने के साथ पुराने ग्राहकों को बनाए रखना है। कंपनी ने ऐसा करके दिखाया भी है। कंपनी नए क्षेत्रों में विस्तार करने के साथ अपना प्रोडक्ट पोर्टफोलियो बड़ा कर रही है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी में भी निवेश किया जा रहा है। इस सभी कारणों से चलते हम निवेशकों को मध्यम से लंबा नजरिया रखते हुए निवेश की सलाह देते हैं।

# जेमिनी होगा गूगल का भविष्य

## सर्च करने के तरीके में होगा बड़ा बदलाव




**गूगल इवेंट में सीईओ सुंदर पिचाई ने गूगल जेमिनी एआई मॉडल को लेकर एक विस्तृत योजना पेश की**

**नई दिल्ली।** एआई मौजूदा समय में टेक उद्योग में चर्चा का विषय बना हुआ है। हर कंपनी इस ओर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। अब दिग्गज टेक कंपनी गूगल भी अपने एआई मॉडल गूगल जेमिनी के जरिए एआई पर बड़ा दांव लगाने जा रही है। गूगल इवेंट में सीईओ सुंदर पिचाई ने गूगल जेमिनी एआई मॉडल को लेकर एक विस्तृत योजना पेश की।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एक दशक से ज्यादा समय से कंपनी एआई पर निवेश कर रही है। हम शोध, उत्पाद और ढांचे के हर स्तर पर नवाचार कर रहे हैं। गूगल पूरी तरह से जेमिनी युग में चला गया है। अमेरिका में होने वाली कंपनी की फ्लैगशिप कॉन्फ्रेंस 'आई/ओ' में पिचाई ने कहा, जेमिनी के पास काफी सारी विशेषताएं हैं और इसमें सर्च, फोटो, वर्कस्पेस और एंड्रॉइड आदि शामिल हैं। पिचाई ने आगे कहा, अभी हम एआई प्लेटफार्म की तरफ शिफ्ट होने के शुरूआती चरण में हैं। हमें इसमें क्रिएटर, डेवलपर, स्टार्टअप और सभी के लिए कई सारे अवसर दिखते हैं। एडवांस जेमिनी प्लेटफॉर्म पर पिछले तीन महीने में 10 लाख से ज्यादा लोग साइन अप कर चुके हैं। जेमिनी 1.5 प्रो को लॉन्ग टेक्स्ट में बनाने में बड़ी सफलता मिली है।

पिचाई ने आगे कहा, गूगल जेमिनी का इस्तेमाल लोग आसानी से मोबाइल पर भी कर सकते हैं। इसके लिए एप्पल स्टोर और गूगल प्ले स्टोर पर ऐप उपलब्ध है। गूगल जेमिनी से सबसे ज्यादा बदलाव सर्च करने के तरीके में होने वाला है। पिचाई ने आगे कहा, हम इस सप्ताह अमेरिका में सभी के लिए एक पूरी तरह से नया अनुभव, एआई ओवरव्यू लॉन्च करना शुरू करेंगे और हम इसे जल्द ही और अधिक देशों में लाएंगे।

# एसबीआई ने सावधि जमा पर ब्याज दरें बढ़ाईं, 75 आधार अंकों तक का किया गया इजाफा




**नई दिल्ली।** बैंक ने 46 दिनों से 179 दिनों के बीच परिपक्व होने वाली जमा राशि पर अपनी सावधि जमा ब्याज दरों में 75 आधार अंकों (बीपीएस) की बढ़ोतरी की है, जो 4.75% से 5.50% तक है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए, बैंक ने समान अवधि के लिए ब्याज दर 5.25% से बढ़ाकर 6% कर दी है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने खुदरा जमा (2 करोड़ रुपये तक) और थोक जमा (2 करोड़ रुपये से अधिक) पर निश्चित अवधि के लिए अपनी सावधि जमा ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। नई एफडी दरें 15 मई, 2024 से प्रभावी हैं। एसबीआई ने अपनी वेबसाइट वेबसाइट पर बताया गया है। बैंक ने 46 दिनों से 179 दिनों के बीच परिपक्व होने वाली जमा राशि पर अपनी सावधि जमा ब्याज दरों में 75 आधार अंकों (बीपीएस) की बढ़ोतरी की है, जो 4.75% से 5.50% तक है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए, बैंक ने समान अवधि के लिए ब्याज दर 5.25% से बढ़ाकर 6% कर दी है।

# राशिफल

**मेष:** संयत रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**वृष:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के लिए प्रयास करें। किसी पुराने मित्र का आगमन हो सकता है। किसी सम्पत्ति से धन प्राप्ति हो सकती है।

**कर्क:** कारोबारी कार्यों में मन लगेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। तरक्की के अवसर मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा।

**सिंह:** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा, परन्तु वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार से धन लाभ में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। शासन सत्ता की सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। पिता के स्वास्थ का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**धनु:** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** आत्मविश्वास से लवरेज रहेंगे, परन्तु मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** मन में निराशा एवं असन्तोष हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। वाहन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन:** भवन सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में संयत रहें।

# चुटकुले

बंगाली बाबा को आधी रात में एक खूबसूरती लड़की फोनकर बोली...
सरकाई लियो खटिया जाड़ा लगे,
बंगाली बाबा- हेलो, कौन?
लड़की- भरो, मांग मेरी भरो...
बंगाली बाबा बिस्तर से उठकर बोला-क्या सही में मुझसे शादी करोगी?
लड़की- इस गाने को कॉलर ट्यून बनाने के 1 दबाएं....
बंगाली बाबा- गुस्से में भाग जा...

---

संता और बंता बात करते हुए
संता- यार कल रात घर देर से पहुंचा, बेल बजाई पर बीवी ने दरवाजा खोला ही नही!
पूरी रात सड़क पर गुजारी
बंता- फिर सुबह बीवी की खबर ली की नहीं?
संता....नही यार, सबेरे दारू उतरी तो याद आया,
अभी तो मेरी शादी ही नही हुई है,
और चाबी तो जेब मे थी!

# रोचक तथ्यों का करंट

- भारत के महाराष्ट्र राज्य में स्थित लोनर सरोवर हिन्दुस्तान में खारे पानी का सबसे बड़ा सरोवर है ।
- सबीर भाटिया ने हॉटमेल बनाई. हॉटमेल दुनिया का न.1 ईमेल प्रोग्राम है।
- गणित में सर्वाधिक महत्वपूर्ण नंबर जीरो की अवधारणा भारत ने ही दुनिया को दी।
- भारत शुरू से ही गरीब देश नहीं है. 17वीं शताब्दी के आस पास भारत विश्व के सबसे अमीर देशों की सूचि में था।
- भारत में प्रत्येक मिनट में 51 बच्चे पैदा होते है. प्रत्येक घंटे में 3,060 जन्म और प्रति दिन 73,440 बच्चे पैदा होते है यह यूरोपियन कंट्री स्वीडन की प्रति वर्ष पैदा होने वाली जनसंख्या के बराबर है।
- भारत ने दुनिया को योग दिया, जो कि 5000 वर्ष से भी अधिक पुराना है।
- पाई ($\pi$) के मान का पता सबसे पहले भारतीय गणितज्ञ बुधायन ने लगाया था. उन्होंने ही पाइथागोरस प्रमेय का विचार दिया था।
- सायद आप यह नहि जानते होंगे कि हमारे कपड़ों में लगने वाले बटन का आविष्कार भि भारत में ही हुआ था।

# शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक, 117 अंक फिसला सेंसेक्स



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार के बड़े सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 117 अंक या 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,987 अंक और निफ्टी 17 अंक या 0.08 प्रतिशत फिसलकर 22,200 अंक पर बंद हुआ। मुख्य सूचकांकों में गिरावट के बाद भी छोटे-मझोले शेयरों में बुधवार को खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 482 अंक या 0.96 प्रतिशत बढ़कर 50,707 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 94 अंक या 0.58 प्रतिशत गिरकर 16,457 अंक पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो बाजार में मिलाजुला कारोबार रहा।

सरकारी बैंक, फार्मा, मेटल रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटी, पीएसई, सर्विस सेक्टर एवं ऑयल और गैस इंडेक्स बढ़कर बंद हुए हैं। वहीं, ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया और प्राइवेट बैंक इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला इंडिया विक्स मामूली बढ़त के 20.27 अंक पर सपाट बंद हुआ है। सेंसेक्स में 30 में से 14 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एमएंडएम, एचसीएल टेक और एलएंडटी शीर्ष पांच बढ़ने वाले शेयरों में थे। एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्लू स्टील और सन फार्मा शीर्ष पांच गिरने वाले शेयर थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ टेक्निकल और डेरिवेटिव विश्लेषक कुणाल शाह ने कहा, बैंक निफ्टी 48,000 के आंकड़े के पास एक दायरे में कारोबार कर रहा है। अगर यह इस स्तर को पार करता है तो 48,500 के स्तर तक जा सकता है। अगर यहां से फिसलता है तो 47,200 के स्तर तक जा सकता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पाकिस्तान ने आयरलैंड से तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीती



**डबलिन (आयरलैंड)।** तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी के तीन विकेटों के बाद कप्तान बाबर आजम के 39वें अर्धशतक और मोहम्मद रिजवान के अर्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे टी20 मैच में आयरलैंड को 18 गेंद शेष रहते हुए मंगलवार को छह विकेट से हरा दिया और तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। बाबर ने 42 गेंदों में 75 रन बनाए, जबकि रिजवान ने 38 गेंदों में 56 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान 17 ओवरों में 181/4 पर पहुंच गया। इससे पहले शाहीन आफरीदी ने चार ओवरों में 3-14 का शानदार प्रदर्शन किया और अब्बास आफरीदी ने 2-43 विकेट लिए। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा 16 रन के कुल योग पर सलामी बल्लेबाज सैम अयूब को 11 गेंदों में 14 रन पर खो दिया, जिसके बाद रिजवान और बाबर ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी की। रिजवान 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी थे, उनकी पारी में चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। बाबर ने 31 गेंदों पर पांच चौके और दो छक्कों की मदद से अर्धशतक का आंकड़ा पार किया। रिजवान आगे जाने वाले थे, मार्क अडायरास द्वारा एक शानदार यॉर्कर पर बोल्ड कर दिए गए। बाबर अगले विकेट के रूप में गिर गए, सिर्फ तीन रन बाद जब क्रेग यंग की गेंद पर कर्टिस कैंपर ने उनका कैच लपका। उस समय तक, पाकिस्तान जीत की ओर बढ़ रहा था और आजम खान ने नाबाद 18 रन बनाकर सुनिश्चित किया कि वे लक्ष्य तक पहुंचें। इससे पहले, आयरलैंड ने कप्तान लोर्कन टकर की 41 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से खेली गई 73 रन की शानदार पारी की बदौलत 178 रन का स्कोर बनाया। अनुभवी बल्लेबाज एंडी बालबर्नी ने 26 गेंदों में 35 रनों का योगदान दिया और हैरी टेक्टर ने 20 गेंदों में नाबाद 30 रनों की पारी खेली।

# डीएसए ए डिवीजन लीग : दोनों मैच बराबरी पर छूटे



**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में यंग ब्वायज एफसी ने गढ़वाल यूनाइटेड को गोल शून्य बराबरी पर रोक कर अंक बांट लिए। दिन के दूसरे मुकाबले में वॉरियर्स फुटबाल क्लब ने जुबा सांघा से 0-0 की बराबरी कर एक-एक अंक बांटे। भले ही चारों टीमें खाता खोलने में नाकाम रहीं लेकिन दोनों मैचों में खेल उतार चढ़ाव वाला रहा। गढ़वाल ने कुछ अच्छे मूव बनाए पर गोल नहीं निकाल पाए। यंग ब्वायज ने भी कुछ मौके जुटाए और गंवाए। वारियर और जुबा संघ के बीच खेला गया मैच तेज रफ्तार का रहा लेकिन गोल नहीं जमाने की कहानी यहां भी दोहराई गई। खेल तेज रफ्तार से खेला गया लेकिन लंबी सीटी से कुछ पहले और बाद में दोनों तरफ के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई से माहौल तनावपूर्ण हुआ। रेफरी ने खिलाड़ियों को लाल पीले कार्ड दिखा कर शांत किया। पहले मैच में यंग ब्वायज के सूरज सिंह को और दूसरे मैच में वॉरियर्स के मौसम अली को श्रेष्ठ खिलाड़ी आंका गया।

वीरवार 16 मई को खेले जाने वाले मैचों में शक्ति एफसी को बंगदर्शन से और दिल्ली यूनाइटेड को हॉप्स एफसी से खेलना है।

# चोट के कारण पंजाब किंग्स के रबाडा स्वदेश लौटे

**जोहान्सबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बुधवार को बताया कि पंजाब किंग्स के स्टार तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा सॉफ्ट टिशू इनफेक्शन के पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट आये हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने यह भी कहा कि तेज गेंदबाज पर उसकी मेडिकल टीम द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई है। धर्मशाला में आरसीबी के खिलाफ आखिरी मैच से चूकने से पहले रबाडा ने पीबीकेएस के लिए सीजन के हर मैच में खेला। 11 मैचों में उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 11 विकेट लिए। प्रोटियाज मेन्स के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा सॉफ्ट टिशू इनफेक्शन के कारण आईपीएल से स्वदेश वापस लौट आए हैं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर एक विशेषज्ञ से परामर्श लिया और



क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की मेडिकल टीम उन पर कड़ी निगरानी रख रही है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद है कि चोट का असर अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए उसकी तैयारियों पर नहीं पड़ेगा। इसमें कहा गया है, वेस्टइंडीज और यूएसए में आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए उनकी तैयारी प्रभावित होने की उम्मीद नहीं है। 28 वर्षीय खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के तेज आक्रमण का हिस्सा हैं, जिसमें एनरिक नॉर्खिया, गेराल्ड कोएत्जी और मार्को जानसन भी शामिल हैं। टी20 विश्व कप से पहले, दक्षिण अफ्रीका 23 मई से जमैका के सबीना पार्क, किंग्स्टन में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप के अपने शुरूआती मुकाबले में 3 जून को न्यूयॉर्क में श्रीलंका से भिड़ेगा।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में, प्रणय को शुरूआती मैच में मिली हार




**बैंकॉक।** पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बुधवार को मलेशियाई जोड़ी नूर मोहम्मद अजरीन अयूब अजरीन और टैन वी कियोंग को हराकर थाईलैंड ओपन,बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूनार्मेंट, के पुरुष युगल के दूसरे दौर में आसानी से प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर- 3 भारतीयों ने मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ सीधे गेमों में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब दूसरे दौर में उनका जेंग वेई हान और झी हाओ नान की चीनी जोड़ी के साथ मुकाबला होगा। दूसरी ओर, दुनिया के 83वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी मीराबा लुवांग मैसनाम ने शुरूआती दौर में वरिष्ठ हमवतन और दुनिया के 9वें नंबर के एचएस प्रणय को 21-19, 21-18 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

प्रणय पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करने से पहले, मणिपुर के 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करने के लिए दो क्वालीफिकेशन मैच जीते। मैसनाम का अगला मुकाबला डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन से होगा, जिन्होंने सुपर 500 टूनार्मेंट के शुरूआती दौर में किरण जॉर्ज को 21-15, 13-21, 21-17 से हराया।

महिला एकल में, अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंडोनेशियाई शटलर को 19-21, 21-15, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि उन्नति हुड्डा को 21-14, 14-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा।

मालविका बंसोड़ भी पहले दौर में शीर्ष वरीय चीनी खिलाड़ी हान यू से 11-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गईं, जो चालिहा की दूसरे दौर की प्रतिद्वंद्वी होंगी।

मंगलवार को विश्व नं. 42 की एसके करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी ने दुनिया की 155वें नंबर की तानाकोर्न मीचाई और फुंगफा कोर्पथम्माकिट को सीधे गेमों में 21-17, 21-16 से हराकर 16वें दौर में प्रवेश किया।

यह जोड़ी अब दूसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई रिनोव रिवाल्डी और पिथा हनिंगत्यास मेंतारी से भिड़ेगी।

# 'स्टब्स अगले 5 वर्षों तक डीसी के लिए उपयोगी खिलाड़ी रहेंगे' : प्रवीण आमरे

**नई दिल्ली।** जब दिल्ली कैपिटल्स मध्य ओवरों के चरण में केवल 63 रन बनाकर बच गई, तो ऐसा लग रहा था कि मेजबान टीम मंगलवार शाम को लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 200 के अंदर ही सिमट जाएगी। लेकिन डीसी के नामित फिनिशर ट्रिस्टन स्टब्स ने नौ गेंदों में सात रन बनाने के बाद 25 गेंदों में नाबाद 57 रनों की पारी खेलकर डीसी को 200 के पार पहुंचाया, जो अंततः उनके अंतिम आईपीएल 2024 लीग मैच को 19 रनों से जीतने वाला स्कोर साबित हुआ। स्टब्स के देर से शानदार आक्रमण, जिसमें तीन चौके और चार छक्के शामिल थे, की बदौलत मेजबान टीम ने आखिरी पांच ओवरों में 72 रन बनाए, जिसमें 19वें ओवर में नवीन-उल-हक की गेंद पर 21 रन शामिल थे। स्टब्स के लिए यह डीसी रंगों में एक ब्रेकआउट आईपीएल रहा है, जिन्होंने अपने पिछले दो सीजन मुंबई इंडियंस द्वारा सीमित मौके दिए जाने में बिताए थे। डीसी के सहायक कोच प्रवीण आमरे का मानना है कि स्टब्स आईपीएल में डीसी के लिए एक दीर्घकालिक संभावना है, शुरूआत में उन्हें हैरी ब्रूक के बैक-अप के रूप में रखा गया था, जो व्यक्तिगत कारणों से नहीं आए थे। बिल्कुल। अगर हैरी ब्रूक वहां होता तो स्टब्स के लिए संभावनाएं - वह वास्तव में ब्रूक का बैकअप था। इसीलिए मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण था (नीलामी में) कि हमने एक बहुत अच्छा बैकअप चुना। हमने देखा कि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है दक्षिण अफ्रीका लीग में अच्छा प्रदर्शन किया, विजेता टीम की (सफलता) में अच्छा योगदान दिया और हमें पूरी उम्मीद थी कि वह (हमारे लिए काम कर सकता है)। उसने (दक्षिण अफ्रीका की) प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में भी तिहरा शतक जमाया। हमने देखा कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो स्पिनरों के खिलाफ बहुत अच्छा खेल सकता है, और यह सबसे बड़ा प्लस था जो हमने देखा। वह ऐसा भी लगता है कि वह सफलता का बहुत भूखा है।वह बहुत शांत स्वभाव का है, वह हमेशा अपनी दिनचर्या बहुत अच्छी बनाता है और बहुत केंद्रित रहता है।" आमरे ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं कह सकता हूं कि यह अगले पांच वर्षों के लिए (डीसी के लिए) खिलाड़ी है। इस मैच में उसने जो स्वभाव दिखाया है - पहली 10 गेंदों में उसने 6-7 रन बनाए थे। लेकिन, जैसा कि उसने कई बार पहले किया है,(जैसे) 20-22 गेंदों में अर्धशतक और यह हमारे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण रहा है, वह 19वां ओवर जहां उन्होंने हमें 21 रन दिए, जिसने वास्तव में अंतर पैदा किया और हमारी जीत में बहुत मायने रखा। स्टब्स और जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अलावा, अभिषेक पोरेल डीसी के लिए टूनामेंट की खोज रहे हैं - उन्होंने 33 गेंदों में 58 रन बनाए, पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से, जबकि मेजबान टीम के लिए शाई होप के साथ 92 रन की साझेदारी की। पावर-प्ले में 73 रन बनाए। आमरे का मानना है कि पोरेल ने पृथ्वी शॉ से पहले बल्लेबाजी की शुरूआत करने के मौकों का पूरा फायदा उठाया, जिन्हें डीसी ने 2022 मेगा नीलामी से पहले बरकरार रखा था। वह (शॉ) हमारा रिटेन खिलाड़ी था और आखिरी मैच में वह बेंच पर भी था। लेकिन फिर, यह आपके लिए आईपीएल है जैसे कि आप फॉर्म में नहीं हैं, आप अंतिम एकादश में नहीं हैं क्योंकि टीम पर दबाव है। इसलिए, हर मैच महत्वपूर्ण है और हमें जीतना है। आमरे ने कहा, उन्हें खेलाए बिना, हमने मैच जीत लिया और उनकी जगह अभिषेक पोरेल ने मौके को दोनों हाथों से भुनाया और उन्होंने इस मैच में एक महत्वपूर्ण पारी खेली। जेक के जल्दी आउट होने के बावजूद, हम पावर-प्ले में 73 रन बनाने में सफल रहे। इसके लिए श्रेय उन्हें और शाई होप को जाता है और उनकी 92 रन की साझेदारी से भी मदद मिली। मंगलवार की जीत में, इशांत शर्मा ने एलएसजी के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया और डीसी के 208/4 के सफल बचाव में 3-34 का आंकड़ा हासिल किया। उसे प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिलना उसके प्रदर्शन के बारे में बहुत कुछ बताता है। पावर-प्ले में शीर्ष क्रम के सभी विकेट हासिल करना - वह ऐसा व्यक्ति है जिसने सौ टेस्ट मैच खेले हैं और अभी भी गेंदबाजी करना पसंद करता है।" वह जानते हैं कि दिल्ली के विकेट पर अच्छी गेंदबाजी कैसे की जाती है और मैं उनके लिए बहुत खुश हूं क्योंकि उन्हें जो भी मौका मिला, उन्होंने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया। हमारे भारतीय गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन में इस साल इशांत का योगदान अधिक था और उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डीसी ने आईपीएल 2024 में अपने लीग चरण को समाप्त करने के साथ ही 2022 में मेगा नीलामी के बाद अपने तीन साल के चक्र को भी समाप्त कर दिया। हालांकि वे प्लेऑफ में प्रवेश नहीं कर पाए, इस सीजन की संभावनाएं गणितीय रूप से कम होने के कारण, डीसी के पास स्टब्स , फ्रेजर-मैकगर्क, पोरेल, रसिख सलाम डार, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और ऋषभ पंत की वापसी के रूप में में बहुत सारी सकारात्मकताएं थीं। मेगा नीलामी महत्वपूर्ण है; यह किसी भी टीम के लिए आसान नहीं है। आपको एक नई टीम बनानी होती है और तीन साल बाद यह समाप्त हो जाती है। व्यक्तिगत रूप से, मुझे वहां कई सकारात्मक चीजें दिखती हैं - जेक, स्टब्स और पोरेल मिले हैं, जबकि रसिख, जिस तरह से उन्होंने आखिरी मैच में गेंदबाजी की, उसने वास्तव में अच्छा योगदान दिया।



# बंगाल प्रो टी20 लीग: आकाश दीप और प्रियंका बाला होंगे सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के मार्की खिलाड़ी

> तेज गेंदबाज आकाशदीप पहली बार चर्चा में तब आए, जब उन्होंने भारत इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के चौथे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड के ऊपरी क्रम को डगआउट का रास्ता दिखाया।




**कोलकाता ।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 11 जून से शुरू हो रहें बंगाल प्रो टी-20 लीग के लिए सवोर्टेक पावर सिस्टम्स की टीम सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए अपने प्रमुख खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। इसमें पुरुष खिलाड़ी के रूप में भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा रह चुके 27 वर्षीय क्रिकेटर आकाश दीप व महिला खिलाड़ी के रूप में महिला आईपीएल का हिस्सा रहीं 28 वर्षीय प्रियंका बाला को शामिल किया गया है। वर्तमान में आकाश आईपीएल में आरसीबी के लिए खेल रहे हैं। अपने हालिया प्रदर्शन में उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में एक विकेट भी झटका था। वहीं प्रियंका डब्ल्यूपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा थीं। तेज गेंदबाज आकाशदीप पहली बार चर्चा में तब आए, जब उन्होंने भारत इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के चौथे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड के ऊपरी क्रम को डगआउट का रास्ता दिखाया। उन्होंने जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप को मैदान के बाहर भेजा। वहीं प्रियंका बाला ने मुंबई की तरफ से खेलते हुए अपने आखिरी मैच में आरसीबी के खिलाफ 18 गेंदों में 19 रन की पारी खेली थी। सवोर्टेक पावर सिस्टम लिमिटेड के मार्केटिंग हेड ऋषभ भाटिया ने कहा, मुझे बताते हुए बड़ा गर्व हो रहा है कि आकाश दीप और प्रियंका बाला सवोर्टेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के मुख्य खिलाड़ी होंगे। हमें विश्वास है कि इनके प्रतिनिधित्व में टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रसंशकों को गौरवान्वित होने का मौका प्रदान करेगी। सवोर्टेक पावर सिस्टम्स की टीम सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग का प्रतिनिधित्व कर रही है।

# अंजुम, ऐश्वर्या तीसरे 50 मीटर राइफल 3पी ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहे

**भोपाल।** ओलंपियन अंजुम मुद्गिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर यहां एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी (एमपीएसएसए) की रेंज में बुधवार को क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) टी3 क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहे। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में लगातार 20-शॉट्स के बाद, अंजुम ने 592/600 का स्कोर बनाया, जो अब तक का उनका उच्चतम ओएसटी है, जबकि ऐश्वर्या ने 590 का एक और गुणवत्तापूर्ण स्कोर बनाकर पांच-खिलाड़ियों के क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के फाइनल के लिए यह जोड़ी अपने चार अन्य प्रतिस्पर्धियों के साथ गुरुवार की सुबह वापस आती है, जहां महत्वपूर्ण पोडियम अंक हासिल करने के लिए होते हैं, जो कि अंत तक की लड़ाई के लिए तैयार होते हैं। भारत की नंबर एक और फाइनल विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर समरा महिलाओं की 3पी में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि



तीन अन्य, आशी चौकसे, निश्चल और श्रीयंका सदांगी ने समान कुल 585 का स्कोर बनाया। पुरुषों के 3पी में, स्वप्निल कुसाले ने 587 के स्कोर के साथ एक अच्छा ट्रायल रन बढ़ाया और ऐश्वर्या के बाद दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योरण ने 584 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जो अब तक के तीन ट्रायल में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। चैन सिंह और नीरज कुमार 583 अंकों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। 3पी ओएसटी टी3 फाइनल के अलावा, गुरुवार को पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 मैचों का क्वालिफिकेशन राउंड भी निर्धारित है।

# पंत समय के साथ बेहतर कप्तान बनेंगे : गांगुली

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) पर 19 रन की जीत के साथ अपने लीग चरण के अभियान को समाप्त करने के बावजूद आईपीएल 2024 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद अभी भी अधर में लटकी हुई है, लेकिन टीम निदेशक सौरव गांगुली अपने वापसी सत्र में कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व कौशल से खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि आने वाले वर्षों में यह और निखरेगा। इतने ही मैचों में 14 अंकों के साथ, दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और नॉकआउट दौर के लिए क्वालीफाई करने के लिए विभिन्न क्रमपरिवर्तन और संयोजन पर निर्भर है। दिसंबर 2022 में एक घातक कार दुर्घटना के एक साल से अधिक समय के बाद पंत ने आईपीएल 2024 में क्रिकेट एक्शन में वापसी की। गांगुली ने जियोसिनेमा को बताया, ₹पंत एक युवा कप्तान हैं, वह समय के साथ सीखेंगे। जिस तरह से वह चोट से वापसी करते हुए पूरा सीजन खेलेंगे; हमें ऑफसीजन के दौरान संदेह था। भारतीय खिलाड़ी महत्वपूर्ण हैं, खासकर जब से आईपीएल 10 टीमों में स्थानांतरित हो गया है। उनके लिए बहुत खुशी की बात है कि वह पूरे सीजन में इतना अच्छा खेलने के लिए लौटे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ संघर्ष के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज को निलंबित किए जाने के बाद पंत की कप्तानी में डीसी ने 13 मैचों में सात मैच जीते। उन्होंने 40.55 की औसत से 446 रन भी बनाए, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने कहा, आगे जो कुछ भी होगा उसके लिए उसे मेरी शुभकामनाएं हैं। समय के साथ, वह एक बेहतर कप्तान बन जाएगा। कोई भी पहले दिन से महान कप्तान नहीं होता है, लेकिन वह एक सहज कप्तान है, वह मैदान पर निर्णय लेता है। अधिक समय के साथ , वह बेहतर हो जाएगा। भारत के पूर्व




कप्तान ने तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को सीजन में टीम का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना। 30 वर्षीय खलील अहमद के साथ फ्रेंचाइजी के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। पूर्व ने 10 मैचों में 17 विकेट लिए हैं जबकि खालिद ने 14 मैचों में समान विकेट लिए हैं। टीम निदेशक ने कहा,मुकेश इस सीजन में हमारे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। वह सभी कठिन ओवरों में गेंदबाजी करते हैं, चाहे शुरूआत में या डेथ ओवरों में। इस सीजन में कोई भी मैच ऐसा नहीं रहा है जहां हमें डेथ ओवरों में उनकी गेंदबाजी की जरूरत नहीं पड़ी हो। हम जानते थे कि छक्का छोड़ना अधिक नुकसान होगा, इसलिए उन्होंने लगातार वहां अच्छा प्रदर्शन किया है, हमारे भारतीय गेंदबाज इस सीजन में शानदार रहे हैं।" गांगुली ने फ्रेंचाइजी के लिए आठ मैचों में नौ विकेट लेने के लिए युवा तेज गेंदबाज रसिख सलाम की भी प्रशंसा की। आपने समय के साथ रसिख के विकास को देखा है। उसने जितने अधिक मैच खेले, वह उतना ही बेहतर होता गया। दिल्ली के विकेट पर गेंदबाजी करना आसान नहीं है। यह विकेट बहुत अच्छा है, और मैदान इतना बड़ा नहीं है, इसलिए मुझे लगता है कि किसी के लिए गेंदबाज, यहां गेंदबाजी करना आसान नहीं है, रसिख में काफी सुधार हुआ है। कप्तान पंत के बाद ट्रिस्टन स्टब्स डीसी के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। प्रोटियाज बल्लेबाज ने तीन अर्द्धशतकों के साथ 378 रन बनाए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने चार अर्धशतकों सहित 330 रन जोड़े। सीजन में जेक फ्रेजर-मैकगर्क और ट्रिस्टन स्टब्स के योगदान पर गांगुली ने कहा, दोनों खिलाड़ी वास्तव में युवा हैं, एक 22 साल का है और दूसरा 23 साल का है। यह पहला साल था जब दोनों खिलाड़ियों ने पूरा टाटा आईपीएल सीजन खेला और दोनों ने अविश्वसनीय सुधार दिखाया है मैंने पहले जेक को ज्यादा नहीं देखा था, लेकिन मैंने स्टब्स को देखा था। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, दोनों खिलाड़ियों में काफी सुधार हुआ है और इन परिस्थितियों में, मध्य क्रम में विदेशी खिलाड़ियों को ढूंढना आसान नहीं है क्योंकि विकेट धीमा है और गेंद स्पिन करती है। स्टब्स स्पिन को बहुत अच्छा खेलते हैं, इसलिए वह हमारे लिए मूल्यवान हैं।

# असम ने अरुणाचल प्रदेश को पछाड़कर अंतिम आठ में प्रवेश किया

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़)।** असम ने बुधवार को यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में अरुणाचल प्रदेश को 1-0 से हराकर ग्रुप जी से स्वामी विवेकानंद अंडर20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। असम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की और ग्रुप चरण में सात अंक जुटाकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उनकी यात्रा में मध्य प्रदेश के खिलाफ ड्रा (0-0) और त्रिपुरा पर एक प्रमुख जीत (6-0) शामिल थी। दूसरी ओर, अरुणाचल प्रदेश ने तीन मैचों में दो अंक हासिल कर अपना अभियान समाप्त किया। मैच का एकमात्र गोल दूसरे हाफ में ग्वग्वम्सर गायरी के सौजन्य से हुआ। 83वें मिनट में गायरी को दाहिने फ्लैंक से अभिनाश बोरो से एक प्रभावी क्रॉस मिला। सटीकता के साथ, टीम के कप्तान ने अपनी टीम के लिए तीन महत्वपूर्ण अंक अर्जित



करने के लिए फ्लिक हैडर को अंजाम दिया। एक साथ खेले गए ग्रुप के दूसरे मैच में, मध्य प्रदेश ने त्रिपुरा पर 3-2 की कड़ी जीत हासिल की, लेकिन यह उन्हें तीन मैचों में पांच अंकों के साथ चार टीमों के ग्रुप में दूसरा स्थान ही दिला सकी। मध्यांतर तक मध्य प्रदेश 45+4वें मिनट में नारायण महतो के गोल की बदौलत 1-0 से आगे था। दूसरे हाफ में, मध्य प्रदेश ने अपनी बढ़त बढ़ा दी जब मोहम्मद यासर ने 46वें मिनट में गोल किया, इसके बाद त्रिपुरा के जॉन जमातिया ने 56वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल दिया। 64वें मिनट में अनुराग सिंह राजपूत ने मध्य प्रदेश के लिए तीसरा गोल किया। त्रिपुरा ने 90+2वें मिनट में बिप्लब देबबर्मा के माध्यम से एक बार फिर अंतर को कम करने के लिए संघर्ष किया, लेकिन यह टाई के नतीजे को नहीं बदल सका।

# भाजपा नेता योगेंद्र मावी के भाई रवि मावी को शोकसभा में दी गई श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता योगेंद्र मावी के छोटे भाई रवि मावी के निधन पर उनके पैतृक गांव टीला शहबाजपुर, लोनी में शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में क्षेत्र के राजनीतिज्ञ, समाजसेवी, गणमान्य लोगों एवं मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## बच्चा लापता, अनहोनी की आशंका

**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव सुराना से नहर में नहाने के लिए गया 11 साल का एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गांव सुराना स्थित ईंट भट्टे पर विनोद अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी पूजा ने बताया कि गत छह मई को मेरा 11 साल का बेटा अचानक लापता हो गया। उन्होंने बताया कि वह अक्सर मुरादनगर स्थित नहर में नहाने के लिए जाता था। काफी तलाश करने के बाद भी उसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है।




## अंडर ट्रेनियों को कौन सिखाएगा अनुशासन

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों बड़ी संख्या में अंडर ट्रेनिंग टू-स्टार भेजे गए थे। अंडर ट्रेनिंग टू-स्टार चुनावी ड्यूटी के बाद अब अन्य ड्यूटी संभाल रहे हैं। तो थानों और चौकियों में भी उनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि अंदर ट्रेंनियों को अनुशासन कौन सिखाएगा यह बड़ा सवाल इन दिनों चर्चाओं में आ रहा है। आलम यह है कि कई थानों में कई- कई सीनियर सब इंस्पेक्टर तैनात हैं, लेकिन नए टू-स्टार उन्हें जय हिंद और सलामी तक नहीं कर रहे हैं। इसी के साथ ऐसा मामला टू-स्टार स्तर तक ही नहीं कई थानों में तो हाल यह है कि केवल गद्दी पर बैठने वाले थ्री-स्टार को ही सलामी मिल रही है, अन्य इससे भी महरूम बताए जा रहे हैं। अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में सवाल उठ रहा है कि इन अंडर ट्रेनिंग टू-स्टारों को कौन अनुशासन वाला पाठ पढ़ाएगा। इसके साथ ही उनके ऊपर जो स्वैग चढ़ा हुआ है, उसको लेकर भी कई तरीके की चर्चाएं सुनने को मिल रही हैं। खास बात यह है कि यह टू-स्टार सोशल मीडिया के दीवाने हैं। सोशल मीडिया की दीवानगी इस कदर हावी है कि यह रील वाले जाल में फंसे बताए जाते हैं। साथ ही अधिकांश को जिम और मोटरसाइकिल का शौक है। जो उनकी वर्दी पहनने के बाद इस तरीके की हरकतों पर भी सवाल उठाने वाला है। कुल मिलाकर पुलिस को अनुशासन वाला विभाग माना जाता है और ऐसे में अंडर ट्रेनिंग टू-स्टारों के जो नए-नए मामले सामने आ रहे हैं, वह बेहद चौंकाने वाले हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले अधिकारी जानकारी दे रहे हैं कि कई टू-स्टार तो ऐसे हैं जिनकी बीते कुछ दिनों में ही रील सोशल मीडिया अकाउंट से डिलीट भी कराई जा चुकी है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले अधिकारी बीते दिनों हुई पिंक बूथ की मीटिंगों के बाद समझ रहे हैं कि अभी यहां के नए पुलिसकर्मियों को किस प्रकार की ट्रेनिंग की आवश्यकता है। वैसे मामला संज्ञान में आया है कि एक पिंक बूथ प्रभारी ने तो बीते दिनों कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारी को भी गंभीर जवाब दे दिया गया। कुल मिलाकर देखना होगा कि चुनावी सीजन खत्म होने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अलग-अलग थाने और चौकी पर अटैक किए गए टू-स्टार को लेकर क्या तैयारी और कार्रवाई की जाती है।



# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर हुआ भंडारे का आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद रिपब्लिक क्रॉसिंग विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विप्र शिरोमणियों की जनसभा कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष देव पंडित द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान के कार्यक्रमों द्वारा भंडारे का शुभारंभ किया गया नव नियुक्त युवा जिला अध्यक्ष देव पंडित सहित पूरी टीम द्वारा ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान एवं अति विशिष्ट अतिथि उदय कौशिक अध्यक्ष कैलाश मानसरोवर भवन,पंडित मुकेश शर्मा ब्लॉक प्रमुख, मयंक गोयल भाजपा नेता, पंडित कृपाराम शर्मा, पंडित मनोज शर्मा, पंडित जयनंद शर्मा,देवेंद्र त्यागी, आशीष शर्मा, भागमाल पंडित, जगदीश शर्मा, पंकज शर्मा,को पगड़ी पहनकर पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मुख्य आयोजन विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल पंडित, राष्ट्रीय संयोजक राहुल शर्मा, पंडित मनीष शर्मा, आकाश दीक्षित, संजीव त्यागी, राहुल शर्मा, अवनीश त्यागी, विनोद दफ्तरी, विकास पाठक, सर्वेश राय, सहित सैकड़ो विप्र बंधु मौजूद थे।

# शिवशक्ति धाम डासना में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई माँ बगलामुखी जयंती

## माँ बगलामुखी और महादेव की शरण में आकर ही सनातन धर्म और सम्पूर्ण मानवता की रक्षा का लक्ष्य सम्भव-महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना में माँ बगलामुखी की जयंती बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।माँ बगलामुखी जयंती का शुभारंभ पारदेश्वर महादेव पर रुद्राभिषेक के साथ आरम्भ हुआ। विधि विधान के साथ रुद्राभिषेक के बाद माँ बगलामुखी और महादेव का महायज्ञ आरम्भ हुआ। महायज्ञ के मुख्य यजमान पंडित गंगाशरण शर्मा व उनकी धर्मपत्नी शशि शर्मा रही। महायज्ञ में बड़ी संख्या में भक्तो ने भाग लेकर माँ और महादेव से सनातन धर्म की रक्षा की प्रार्थना की। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज व सनोज शास्त्री जी ने पूणार्हुति सम्पन्न करवाई। महायज्ञ के आयोजन में मुख्य भूमिका डॉ उदिता, हरिनारायण सारस्वत, अनिल यादव, शशि चौहान व बृजमोहन सिंह की रही। महायज्ञ के आचार्य पंडित सनोज शास्त्री जी थे। सभी हिन्दुओ से इस महान अभियान में तन,मन और धन से साथ देने और सहयोग करने का आह्वान किया। माँ बगलामुखी की जयंती पर यति निर्भयानंद व यति रणसिंहनन्द ने संकल्प लिया कि वो माँ बगलामुखी व महादेव के महायज्ञ के द्वारा सम्पूर्ण विश्व को पवित्र करेंगे। महायज्ञ में सारस्वत ब्राह्मण सभा के महामंत्री श्री हरिनारायण सारस्वत,जे पी कौशिक,अनिल राय दुबे जी,अनूप अहलूवालिया,आनंद त्यागी,अरविंद तिवारी,विष्णु कुमार शुक्ला,राजीव अग्रवाल, अंकित वर्मा,अंकुर जावला तथा अन्य भक्तगणो ने भाग लिया।



## युवक ने पुलिसकर्मियों पर लगाया मारपीट का आरोप

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव असालतनगर निवासी एक युवक ने दो पुलिसकर्मियों पर घर में आकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। गांव असालतनगर निवासी अजय कुमार परिवार सहित रहते हैं। अजय कुमार ने बताया कि वह अपनी मां से बात कर रहा था इसी बीच उसके जीजा आ गए और उसके साथ मारपीट करने लगे। जब पत्नी बचाने के लिए आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई ,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि मेरे जीजा के साथ दो पुलिसकर्मी मेरे घर पर आए और मेरे साथ जमकर मारपीट की। विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी भी दी। पीड़ित ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।

## दंबगों ने युवक पर किया हमला , रिपोर्ट के बाद दो गिरफ्तार

**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में एक मकान के बाहर लगी झालर को हाथ लगाना एक युवक को काफी महंगा पड़ा। दंबगों ने पहले युवक की जमकर पिटाई की और फिर गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया है। गांव फिरोजपुर निवासी आस मोहम्मद परिवार सहित रहते हैं उनका 18 वर्षीय बेटा ताज मोहम्मद पड़ाव कॉलोनी में सिलाई सीखने के लिए आता है। मंगलवार रात को वह वापस अपने घर जा रहा था। जब वह ईदगाह कॉलोनी में पहुंचा तो ताज मोहम्मद ने एक मकान के बाहर लगी झालर को हाथ लगा दिया जिस कारण झालर नीचे गिर गई। इस बात से गुस्साए ईदगाह कॉलोनी निवासी जाकिर व आरिफ ने पहले ताज मोहम्मद की बेरहमी से पिटाई की। जब उसे बचाने का प्रयास उसके दोस्त सोएब ने किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इतना ही नहीं ताज मोहम्मद की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ताज मोहम्मद को गाजियाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जाकिर ,आरिफ ,रियाजुद्दीन ,हुसैन निवासी ईदगाह कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरिफ व रियाजुद्दीन को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।







## वो जमाने ही बीत गये कैसे कैसे हार गये और कैसे कैसे जीत गये

जिस निगम में ढोल बज रहा था कि अजी ईमानदारी से काम ही हम करेगे। अजी पहले वाले तो सारे चोर थे वो तो दलाल थे हम ही जग में काम करेगें । सुना है कि अब उस निगम में कमीशन डबल हो गया है। कहने वाले ने कहा कि फोन की डिटेल निकल आई तो कसम से कमल वालो के ईमान का कमल खिल जायेगा। कहने वाले ने कहा कि अब तो बैठक वाले सदन में सवाल पूछने का ही चलन नही रहा। बाबू अफसर को पढ़ा देता है और अफसर सामने वाले को बता देता है। उसने कहा कि 100 वाले सदन में सुना है कि 73 फूल हैं बस एक बार निगम एक्ट ज्ञान की लाईव परीक्षा करा लो। फिर देखना इनकी नालेज पर अगर निगम का चपरासी भी बलिहारी ना जाये। ये पता है कि ठेकेदार को फोन करना है। ये पता है कि कोई मकान बनाये तो उसकी शिकायत करनी है। दुकान के बरामदे से लेकर घर के चबूतरे पर नजर रखनी है मगर जिस निगम प्रशासन से सवाल पूछने हैं वहा निल बटे सन्नाटा है। एक बार सवाल जवाब का सेशन हो जाये और उसका लाईव हो जाये कसम से निगम ज्ञान का मुलाहिजा हो जायेगा।

## मच गई रेलम पेल जनरल मेल सीट पर ओबीसी से लेकर फीमेल

शहर वालों का खटोला अभी खाली नही हुया है लेकिन इस पर बैठने को लेकर पूरा फ्लावर टोला खड़ा हुया है। मई के महीने में दावेदारी का फायर जल रहा है और जून का वेट बड़ी बेसब्री से हो रहा है। मजे की बात ये है कि दिल्ली लखनऊ में अभी दावेदारी के खेत में 12 बीघे में दाना नही है और अभी फिलहाल दो महीने तक कोई नाम आना भी नही है। मगर मौहल्ले वालों की तमन्ना अब विधानसभा में जाने की प्रबल हो उठी है। मेंबरो ने तूफान काट रखा है और जनरल सीट पर ओबीसी से लेकर दलित दावेदारी हो रही है। दावेदारी की रेलमपेल ऐसी मची है कि जनरल मेल सीट पर दलित को भी टिकट चाहिये,ओबीसी उससे भी आगे खड़े हैं और फीमेल ने तो टिकट पक्का मान लिया है।

## अब क्या खोल कर दिखा दें सीना गुरू जी ने बहाया होगा पसीना

चार जून तक जुबान जुगाली के अलावा दूसरा काम सियासत वालों के पास है भी नही। इलेक्शन के कैलकुलेशन लगा लगा कर वो भी थक गये और ये भी बोर हो लिये हैं। अब चर्चा इस बात पर चली कि किसने कितनी मेहनत चुनाव में की है। लोकसभा की बात में विधानसभा धौलाना आ गई। चर्चा में नीले हाथी वाले पुंडीर भी आ गये और कमल वाले गुरू जी आ गये। गुरू जी पहले ही कह चुके है कि उनकी डयूटी ही धौलाने में लगाई गई थी। वो ही बिरादरी को समझा रहे थे कि कमल के साथ ही खिलना है। किसी ने कह दिया कि वो तो बूथ खुलने पर पता चलेगा कि गुरू जी की नसीहत का कितना असर बिरादरी पर पड़ा है। हार जीत से क्या मतलब और बूथ के वीक या मजबूत होने से क्या लेना देना। बिरादरी वाले ने कहा कि आप यकीन कर लो कि गुरू जी ने धौलाना में पूरा पसीना बहाया है। अब वो सीना खोल कर दिखायें तभी मानोगे क्या।

# चीन का तीसरा विमानवाहक पोत समुद्र की ओर किया रवाना

**चीन।** चीन का तीसरा विमानवाहक पोत समुद्र की ओर रवाना किया गया है। जिसका नाम फुजियान रखा गया। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एयर क्राफ्ट है। जो कि 11 सक्रिय क्राफ्ट से मिलकर बना है। पहले नंबर पर संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का एयरक्राफ्ट है।

चीन अपनी नौसेना की ताकत लगातार बढ़ा रहा है। इसी के तहत पनडुब्बी, युद्धक जहाज की संख्या लगातार बढ़ा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक चीन लगभग हर महीने एक नौसैनिक जहाज का निर्माण कर रहा है। साथ ही चीन पाकिस्तान की नौसेना को भी मजबूत करने के लिए उसे युद्धक जहाज और पनडुब्बियां दे रहा है। चीन ने अपने सबसे उन्नत और तीसरे विमानवाहक पोत फुजियान का समुद्री परीक्षण किया है। फुजियान के चीनी सेना में शामिल होने के बाद ड्रैगन की ताकत काफी ज्यादा बढ़ी है। सिंगापुर के एस राजरत्नम स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज के सीनियर फेलो कोलिन कोह ने बताया कि पिछली रिपोर्ट प्रमाणित नहीं है। चीन शायद छह या आठ वाहक बनाना चाहता है। उन्होंने



कहा कि जब तक पीएलएएन वाहक संचालन के साथ परिपक्वता के स्तर तक नहीं पहुंच जाता तब तक मुश्किल है। यह अभी अमेरिकी नौसेना की तुलना में ज्यादा तैयार नहीं है। इसका लक्ष्य 6 वाहक हो सकता है। फुजियान का निर्माण शंघाई शहर के पास यांग्त्जी नदी के किनारे चांगक्सिंग द्वीप पर चीन राज्य जहाज निर्माण निगम की सरकारी कंपनी जियांगन शिपयार्ड ने किया। इसका निर्माण मार्च 2017 में शुरू हुआ। जहाज को 17 जनू 2022 को लॉन्च किया गया। एक साल बाद फुजियान ने अपनी यात्रा शुरू की। 29 अप्रैल को टगबोट फुजियान को उसके फिटिंग-आउट बेसिन से शंघाई में यांग्त्जी नदी घाट तक ले गए। वहीं 1 मई को जहाज अपने पहले समुद्री परीक्षण पर रवाना हुए। समुद्री परीक्षण मुख्य रूप से एयरक्राफ्ट के प्रणोदन और विघुत प्रणालियों की विश्वसनीयता और स्थिरता का परीक्षण करेंगे।

वहीं कुछ समाचार एजेंसी ने बताया फुजियान ने पिछले दो वर्षों के दौरान पहले ही मूरिंग ट्रायल, आउटफिटिंग कार्य और उपकरण समायोजन पूरा कर लिया है। समुद्री सुरक्षा प्रशासन के जारी सुरक्षा नोटिस ने 1- 9 मई तक शंघाई से 130 किमी के क्षेत्र की यात्रा के बारे में बताया। वाहक अपनी आठ दिन की यात्रा के बाद 8 मई को जियांगन शिपयार्ड लौटा। समुद्री परीक्षण के दौरान विमान वाहक ने अपने प्रणोदन और विद्युत प्रणालियों का परीक्षण किया। अगले चरण में पीएलएएन एस फुजियान स्थापित योजनाओं के अनुसार अनुवर्ती परीक्षण करेगा।

पहले वाहक लिओनिंग ने दस समुद्री परीक्षण पूरे किए थे। वहीं दूसरे वाहक शेडोंग ने पीएलएएन सेवा में प्रवेश करने से पहले नौ परीक्षण किए। चीन की सेना की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार फुजियान जिसका विस्थापन 80,000 टन से ज्यादा माना जाता है। विश्लेषकों के अनुसार यह लगभग 316 मीटर लंबा होगा।

### दक्षिण चीन सागर में कई देशों से ही चीन का विवाद

विमानवाहक पोत के परीक्षण के चलते चीन ने यांग्जी नदी में यातायात परिवहन रोक दिया था। यांग्जी नदी में यातायात परिवहन पर रोक 9 मई रही। दक्षिण चीन सागर में चीन का कई देशों के साथ विवाद चल रहा है। दक्षिण चीन सागर में चीन की नौसेना कई बार फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों को रोक चुकी है। चीन, दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा जताता है। इसके कारण चीन का फिलीपींस, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान के साथ सीमा विवाद चल रहा है।

# प्रतिबंधित नारे लगाने वाले जर्मन राजनेता पर 13 हजार यूरो का जुमार्ना

**जर्मनी।** जर्मनी की चरम दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी के एक प्रमुख सदस्य ब्योर्न हॉक पर प्रतिबंधित नाजी नारे का इस्तेमाल करने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। एक क्षेत्रीय अदालत ने यह फैसला सुनाया है। पूर्वी जर्मन शहर हाले की क्षेत्रीय अदालत ने हॉक को असंवैधानिक और आतंकवादी संगठनों के प्रतीकों का उपयोग करने के लिए जुमार्ने की सजा सुनाई।

सरकारी अभियोजक के कार्यालय ने थुरिंगियन प्रांत के एएफडी नेता पर जानबूझकर एक नाजी अर्धसैनिक समूह स्टमार्बेटीलुंग (एसए) या स्टॉर्म टूपर्स, जिसे आमतौर पर ब्राउनशट्र्स कहा जाता है, के प्रतिबंधित नारे का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। यह मामला मई 2021 में मेर्सेबर्ग में हॉक द्वारा दिए गए एक भाषण के बाद भड़का, जिसके दौरान उन्होंने ₹एलेस फर डॉयचलैंड! (जर्मनी के लिए कुछ भी) नारे का इस्तेमाल किया था, जो जर्मनी में प्रतिबंधित



है। हॉक ने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने जानबूझकर इस नारे का इस्तेमाल किया था। बचाव पक्ष ने हॉक को इस आधार पर आरोप से बरी करने की मांग की, कि उन्हें नहीं पता था कि यह प्रतिबंधित है।

अभियोजन पक्ष ने पहले छह महीने की निलंबित सजा की मांग की थी और कहा था कि वह इसकी ऐतिहासिक उत्पत्ति से अवगत थे। पीठासीन न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि हॉक को पता था कि एसए नारे पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन फिर भी उन्होंने इसका इस्तेमाल किया। न्यायाधीश ने कहा, आप एक बुद्धिमान व्यक्ति हैं, जो अच्छी तरह जानते हैं कि वह क्या कह रहे हैं। फैसला सुनाए जाने के बाद, सरकारी अभियोजक के कार्यालय ने कहा कि वह अपील पर विचार करेगा।

अगर फैसला बरकरार रहता है, तो हॉक के खिलाफ आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। थुरिंगियन एएफडी को राज्य की घरेलू खुफिया सेवा ने एक पुष्टिकृत दक्षिणपंथी चरमपंथी पार्टी के रूप में वगीर्कृत किया है और उसकी निगरानी की जाती है। हॉक इसके प्रांतीय नेता हैं।

एएफडी की राजनीति का प्रमुख मुद्दा एक कट्टर आव्रजन विरोधी रुख है, और पार्टी देश में शरण मांगने वाले लोगों की बढ़ती संख्या को लेकर कई जर्मन मतदाताओं की बढ़ती चिंता का राजनीतिक लाभ उठाती है। मौजूदा फैसले से 1 सितंबर को थुरिंगिया में आगामी प्रांतीय चुनाव के लिए हॉक की उम्मीदवारी पर कोई सीधा असर पड़ने की संभावना नहीं है।

# भारत साइबर सुरक्षा समाधान की ओर, विनिर्माण इकाई स्थापित करने में श्रीलंका ने दिखाई दिलचस्पी

**श्रीलंका।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में भारतीय दूत संतोष झा ने अपने संबोधिन में कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग आज उन्नत टेक्नोलॉजी और विश्व स्तरीय उपकरण पेश करता है। इसमें लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों से लेकर नौसैनिक जहाजों तक, लेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान और छोटे हथियारों से लेकर तोपखाने की प्रणाली तक शामिल हैं।

आर्थिक तंगी से गुजरने के बाद श्रीलंका एक लघु हथियार विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भारत के साथ संपर्क में है। श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंडारा तेनाकून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीलंका को भारत से अभी बहुत कुछ सीखना है। रक्षा मंत्री प्रेमिता बंडारा तेनाकून ने कहा, देश में एक लघु हथियार विनिर्माण इकाई को स्थापित करने के लिए हम भारत से चर्चा कर रहे हैं। हम भारतीय समकक्षों के संपर्क में हैं। हम भारत से बहुत कुछ ले सकते और सीख सकते हैं। उन्होंने




आगे कहा, इस पर चर्चा जारी है। अप्रैल की शुरूआत में श्रीलंका में आयोजित भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग के दूसरे सेमिनार के बाद इस पर विचार किया गया। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में भारतीय दूत संतोष झा ने अपने संबोधिन में कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग आज उन्नत टेक्नोलॉजी और विश्व स्तरीय उपकरण पेश करता है। इसमें लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों से लेकर नौसैनिक जहाजों तक, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान और छोटे हथियारों से लेकर तोपखाने की प्रणाली तक शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भारत इन क्षमताओं को श्रीलंका जैसे अपने पड़ोसी देशों को उपलब्ध कराने में इच्छुक है।

# इस्राइल पर भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी की हत्या का आरोप, संयुक्त राष्ट्र ने जताया दुख





**गाजा।** संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में भारतीय सेना के एक पूर्व अधिकारी की हत्या पर दुख जताया और भारत से माफी मांगी। दरअसल भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी युद्धग्रस्त गाजा के राफा में सोमवार सुबह एक गाड़ी में सफर कर रहे थे, तभी उनकी गाड़ी पर पीछे से हमला हुआ, जिसमें पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत हो गई। राफा में मारे गए कर्नल वैभव अनिल काले (46 वर्षीय) ने साल 2022 में सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी और फिलहाल वे संयुक्त राष्ट्र के डिपार्टमेंट ऑफ सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के साथ सुरक्षा समन्वय अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। इस्राइली सेना पर लगे हमले के आरोप माना जा रहा है कि यह हमला इस्राइली सेना के टैंक ने किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के उप-प्रवक्ता फरहान हक ने भी वैभव अनिल काले की मौत पर दुख जताया और भारत के योगदान की तारीफ की। हक ने बताया कि घटना की जांच के लिए एक पैनल का गठन किया गया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि यह इस्राइली सेना की ओर से किया गया हमला हो सकता है। गाजा में अभी यूएन से जुड़े 71 अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी काम कर रहे हैं। हक ने कहा कि हमला टैंक से किया गया और राफा में अभी टैंक सिर्फ इस्राइली सेना के पास ही हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि इस्राइली सेना ने ही संयुक्त राष्ट्र के वाहन पर हमला किया। गाजा में अब तक संयुक्त राष्ट्र के 190 से ज्यादा कर्मचारी मारे जा चुके हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी की मौत का यह पहला मामला है।

### भारतीय सेना से साल 2022 में ही रिटायर हुए थे कर्नल वैभव अनिल काले

काले भारतीय सेना में 11 जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स की कमान संभाल चुके हैं। इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से यह संयुक्त राष्ट्र से जुड़े पहले अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी की मौत का मामला है। हमले में जॉर्डन की एक महिला भी घायल हुई हैं, जो कि काले के साथ संयुक्त राष्ट्र के डिपार्टमेंट ऑफ सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के साथ काम कर रही थीं। संयुक्त राष्ट्र का स्टाफ यूएन का चिन्ह लगी गाड़ी से राफा के यूरोपीय अस्पताल जा रहा था, उसी दौरान उनकी गाड़ी पर हमला हुआ।

### विदेश मंत्रालय ने जताया दुख

कर्नल वैभव अनिल काले की मौत पर भारत ने भी दुख जताया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में हमारे स्थायी मिशन के साथ ही, तेल अवीव और रामल्लाह में मौजूद मिशन ने भी काले के पार्थिव शरीर को वापस भारत लाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मंत्रालय ने कहा कि 'कर्नल वैभव अनिल काले की मौत से हम बेहद दुखी हैं। हम उनके परिवार और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।'

# इजरायल पर मिसाइल हमले में 1 की मौत, 5 घायल



**यरूशलम।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) और मीडिया के अनुसार, लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हमले में एक इजरायली नागरिक की मौत हो गई और पांच सैनिक घायल हो गए। आईडीएफ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को लेबनान से उत्तरी इजरायल के एडमिट क्षेत्र की ओर कई एंटी-टैंक मिसाइल लॉन्च किए गए।

इस हमले में पांच आईडीएफ सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। इजरायली मीडिया ने बाद में बताया कि इस हमले में एक इजरायली नागरिक की मौत हो गई। आईडीएफ के बयान में कहा गया है कि घायल सैनिकों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। कहा गया है कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के अयता राख शब और कफरकेला क्षेत्र में हिजबुल्लाह सैन्य ढांचे पर हमला किया। 8 अक्टूबर, 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया है, जब हिजबुल्लाह ने हमास के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजरायल की ओर रॉकेटों की बौछार कर दी। इसके बाद इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी की।

# फ्रांस में दो गाड्र्स की हत्या कर कैदी को छुड़ा ले गए बदमाश

## हमले में कई अन्य लोग घायल



**फ्रांस।** फ्रांस में पुलिस के काफिले पर हमला कर कैदी को छुड़ाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हथियारबंद लोगों ने पहले पुलिस के काफिले पर हमला किया और फिर पुलिस की हिरासत में मौजूद कैदी को छुड़ाकर ले गए। इस हमले में दो गाड्र्स की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। इस घटना से पूरा फ्रांस स्तब्ध है क्योंकि वहां ऐसी घटनाएं बेहद दुर्लभ हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### घटना को लेकर फ्रांस में गुस्सा

फ्रांस के न्याय मंत्री एरिक ड्युपोंड मोरेत्ती ने बताया घटना उस वक्त घटी, जब एक कैदी को अदालत से जेल में शिफ्ट किया जा रहा था। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक काले रंग की एसयूवी कार ने पहले पुलिस वाहन में टक्कर मारी उसके बाद दूसरी कार से हथियारबंद लोग उतरे और उन्होंने पुलिस वैन पर फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में पुलिसकर्मियों को संभलने का मौका नहीं मिला। हमले में दो गाड्र्स की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद अपराधी कैदी को लेकर फरार हो गए। गौरतलब है कि फ्रांस में इस तरह की घटनाएं बेहद दुर्लभ हैं। इससे पहले साल 1992 में जेल के एक गार्ड की हत्या हुई थी।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने भी घटना की निंदा की और सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। फ्रांस के न्याय मंत्री मोरेत्ती ने लिखा कि दोषियों को पकड़ने के लिए सबकुछ किया जाएगा। अपराधियों के लिए एक इंसान की जान की कोई कीमत नहीं है। उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और उन्हें दंडित किया जाएगा। फ्रांस के आंतरिक मामलों के मंत्री ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए सैंकड़ों पुलिसकर्मियों को जांच में लगाया गया है।

वहीं हमले के बाद फरार कराए गए कैदी की पहचान मोहम्मद अमरा के रूप में हुई है। मोहम्मद अमरा फ्रांस के अपराध जगत में एक जाना पहचाना नाम है। अमरा को 13 मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है और अधिकतर अपराध चोरी और लड़ाई झगड़े से संबंधित हैं।

# डब्ल्यूएचओ ने मच्छर जनित बीमारी डेंगू के टीके को दी मंजूरी

- जापानी फार्मा कंपनी टाकेडा ने बनाई वैक्सीन

**डेंगू की उच्च दर वाले क्षेत्रों में रहने वाले छह से 16 साल के बच्चों में इसके उपयोग की सिफारिश की गई**

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डेंगू के दूसरे टीके को मंजूरी दे दी है। यह एक ऐसा कदम है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को मच्छर जनित बीमारी से सुरक्षा प्रदान कर सकता है। बता दें कि इस साल पहले ही पूरे अमेरिका में डेंगू का प्रकोप फैला हुआ है।

एक बयान में, संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि उसने जापानी फार्मास्युटिकल टाकेडा द्वारा बनाई गई डेंगू वैक्सीन को मंजूरी दे दी है, जिसमें डेंगू की उच्च दर वाले क्षेत्रों में रहने वाले छह से 16 साल के बच्चों में इसके उपयोग की सिफारिश की गई है। दो खुराक वाला टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाता है।

**यूएन अब गरीब देशों के लिए खरीद सकती है टीका :** टाकेडा की डेंगू वैक्सीन (जिसे क्यूडेंगा के नाम से जाना जाता है) को पहले 2022 में यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी द्वारा मंजूरी




दी गई थी। हल्ढ की मंजूरी का अब मतलब है कि दानकर्ता और अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां गरीब देशों के लिए वैक्सीन खरीद सकती हैं। अध्ययनों से पता चला है कि टेकेडा का टीका लोगों को डेंगू से पीड़ित होने पर अस्पताल में भर्ती होने से रोकने में लगभग 84 प्रतिशत और लक्षणों को रोकने में लगभग 61 प्रतिशत प्रभावी है। डेंगू के टीकों की वैश्विक पहुंच में होगा विस्तार डब्ल्यूएचओ के दवाओं और टीकों के अनुमोदन के लिए निदेशक, रोजेरियो गैस्पर ने कहा कि यह डेंगू के टीकों की वैश्विक पहुंच के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह दूसरा टीकाकरण है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने डेंगू के लिए अधिकृत किया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित पहला टीका सनोफी पाश्चर द्वारा बनाया गया था, जो बाद में उन लोगों में गंभीर डेंगू के खतरे को बढ़ाता पाया गया जो पहले इस बीमारी से संक्रमित नहीं थे।

### डेंगू के 80 प्रतिशत संक्रमण होते हैं हल्के

लगभग 120 लैटिन अमेरिकी और एशियाई देशों में गंभीर बीमारी और मृत्यु का प्रमुख कारण डेंगू का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है। जबकि लगभग 80 प्रतिशत संक्रमण हल्के होते हैं, डेंगू के गंभीर मामलों में आंतरिक रक्तस्राव, अंग विफलता और मृत्यु हो सकती है। पिछले सप्ताह, हल्ढ ने बताया कि अमेरिका में डेंगू के 6.7 मिलियन संदिग्ध मामले थे, जो 2023 की समान अवधि की तुलना में 206 प्रतिशत की वृद्धि है।

# अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर भारी आयात शुल्क लगाने का किया ऐलान

**अमेरिका।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका अपनी इच्छा के अनुसार किसी भी तरह की कार खरीदना जारी रखेगा। लेकिन चीन को इन कारों के बाजार को गलत तरीके से नियंत्रित करने की अनुमति कभी नहीं देगा। अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर भारी कर लगाने का फैसला किया है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, स्टील, सौर सेल और एल्यूमीनिय शामिल हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों पर 100 फीसदी, सेमीकंडक्टर पर 50 फीसदी और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी पर 25 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में राष्ट्र को संबोधित करते हुए इसका एलान किया। उन्होंने कहा, अमेरिका अपनी इच्छा के अनुसार किसी भी तरह की कार खरीदना जारी रखेगा। लेकिन



चीन को इन कारों के बाजार को गलत तरीके से नियंत्रित करने की अनुमति कभी नहीं देगा।

बाइडन ने कहा, मैं चीन के साथ निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा चाहता हूं, संघर्ष नहीं। हम किसी और देश की तुलना में चीन के खिलाफ 21वीं सदी की आर्थिक प्रतिस्पर्धा को जीतने में मजबूत स्थिति मे हैं। क्योंकि हम अमेरिका में निवेश कर रहे हैं। बाइडन ने आरोप लगाया कि वर्षों से चीन की सरकार ने इस्पात और एल्यूमीनियम, इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल और दस्ताने व मास्क जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य उपकरण जैसे उद्योगों में सरकारी पैसे का इस्तेमाल किया है।


चीन ने इन सभी उत्पादों को भारी सब्सिडी दी, जिससे चीनी कंपनियों को दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया। फिर अतिरिक्त उत्पादों को गलत तरीके से कम कीमतों पर बाजार में डंप किया गया और दुनियाभार के अन्य निमार्ताओं को व्यवसाय से बाहर किया गया। उन्होंने आगे कहा, कीमतें अनुचित तरीके से कम हैं, क्योंकि चीनी कंपनियों को लाभ के बारे में चिंता करने की आवश्यकता ही नहीं है। चीनी सरकार ने उन्हें सब्सिडी दी है और भारी सब्सिडी दी है। बाइडन ने कहा, चीन प्रतिस्पर्धा विरोधी रणनीति पर भरोसा करता है, जैसे अमेरिकी कंपनियों को चीन में व्यापार करने के लिए अपनी तकनीक स्थानांतरित (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) करने के लिए मजबूर करना। बाइडन ने कहा कि अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में घोषित किए गए शुल्क यह सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि अमेरिकी कर्मचारी अनुचित व्यापार प्रथाओं के चलते पीछे न रहें।

उन्होंने कहा, अमेरिकी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों और उनकी बैटरी में अरबों डॉलर का निवेश कर रही है। उन्होंने कहा, दुनियाभर में हमारे सहयोगी समान निवेश कर रहे हैं। बाइडन ने चीन नीति को लेकर अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप की भी आलोचना की।

# सौरमंडल में सूरज की ऊर्जा से फिर मचा हाहाकार

**केप कनरेवल।** पिछले हफ्ते पृथ्वी सौर तूफान की चपेट में आ गई थी। इसकी वजह से संचार सहित जीपीएस सुविधाओं पर खतरा मंडरा रहा था। सूर्य अभी अति सक्रिय स्थिति से गुजर रहा है। यह स्थिति अभी खत्म नहीं हुई है। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) ने कहा कि मंगलवार को एक बार फिर से सूरज से बड़ी सौर ज्वाला निकली है। यह 11 वर्षीय सौर चक्र की सबसे बड़ी ज्वाला है।

पृथ्वी के इस बार प्रभाव रेखा से बाहर रहने की उम्मीद है, क्योंकि पृथ्वी से दूर घूम रहे सूर्य के हिस्से पर ज्वाला भड़की है। नासा की सोलर डायनेमिक्स वेधशाला ने इस चमक को कैद किया है। एनओएए से जुड़े ब्रायन ब्रैशर ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मंगलवार की ज्वाला से जुड़ा एक उत्सर्जन हमारे ग्रह से दूर है।



### भू-चुंबकीय तूफान के कारण नासा का उपग्रह हुआ प्रभावित

नासा ने कहा कि सप्ताहांत में भू-चुंबकीय तूफान के कारण उसका एक पर्यावरण उपग्रह अप्रत्याशित रूप से घूमने लगा। वह एक हाइबरनेशन में चला गया, जिसे सुरक्षित मोड के रूप में जाना जाता है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर, सात अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण ढाल वाले क्षेत्रों में रहने की सलाह दी गई थी। हालांकि, नासा ने कहा कि चालक दल कभी भी खतरे की स्थिति में नहीं थे।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा को सोलन, शिमला का ऑब्जर्वर किया नियुक्त



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता और गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी डॉली शर्मा को हिमाचल प्रदेश में हो रहे लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शिमला (4) लोकसभा क्षेत्र के सोलन एसेंबली सेग्मेंट के लिये ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। डॉली शर्मा की नियुक्ति पूर्व केंद्रीय मंत्री,सीडब्ल्यूसी मेंबर तथा हिमाचल-चंडीगढ़ प्रभारी राजीव शुक्ला ने की है।

नियुक्ति पत्र जारी करते हुए राजीव शुक्ला ने डॉली शर्मा को लिखा है कि आप संलग्नक में उपलब्ध कराए हुए स्टेट फंक्शनरी के नम्बरों के संपर्क में रहिए और पार्टी प्रत्याशी की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपनी योग्यता व क्षमता के मुताबिक यथेष्ट योगदान दीजिए। इससे पार्टी को आपके अनुभवों और प्रतिबद्धताओं का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि अभी हाल ही में उन्होंने अपने गाजियाबाद लोकसभा चुनाव के दौरान अपने नेतृत्व कौशल और संगठनात्मक क्षमता का लोहा अपने लोगों के बीच मनवाया और भाजपा के किले में सेंधमारी के लिए लीक से हटकर कार्य किया, जिससे पूरे पश्चिमी यूपी में कांग्रेस की हवा बनी और आगे भी दिल्ली-हरियाणा के चुनावों में उसका लाभ मिलेगा।

# डीडीपीएस स्कूल पर जीपीए एवं अभिभावकों ने किया संकल्प सिद्धि यज्ञ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीडीपीएस स्कूल पर गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के साथ बैठे अभिभावकों का धरना आज 14 वें दिन भी जारी रहा।

गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के सचिव अनिल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार से लेकर शिक्षा अधिकारी तक सभी स्कूल प्रबंधन की सत्ता की हनक के आगे चुप्पी साधे हैं। जिस सरकार और अधिकारियों से पेरेंट्स को न्याय मिलना चाहिए था आज वो सभी मूकदर्शक बने हुए हैं। एसोसियेशन का कहना है कि कोई भी अधिकारी हमारी मांग को नाजायज नहीं कह सकता। बुद्धवार रात लगभग 2 घंटे तक अभिभावकों ने संकल्प सिद्धि यज्ञ किया। संस्था के धर्मेंद्र यादव ने स्कूल के गेट के बाहर बोर्ड पर बच्चों को सुबह 8 से 11 बजे तक पढ़ाया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मास्टर बैठे थे मिस्टर नागर के पास? मिस्टर नागर ने कहा अब जनरली आपकी राजनीति का क्या होगा साहब? इस सवाल पर तुरंत दिया मास्टर जी ने जवाब? कहा आप तो हमारे मित्र हो? ऐसा तो हमारे लिए हमारे दुश्मन देखते है ख़्वाब? हमारा तो किरदार है दँसवी कक्षा की इंगलिश वाली कविता के उस पंछी की तरह? जो जलकर हो जाता है खाक? फिर उसी खाक से वो लेता है वो जन्म? राख होने के बावजूद, हममें जारी है आग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चुनावी एक्सपर्ट भगवा मिस्टर रावत जब से हुए है भाजपाई? तब से उनकी राजनीति वाली सक्रियता पहले जैसी नहीं देती है दिखाई? इस बार के चुनाव में भी कोई खास नहीं हुए उनके दर्शन? आखिर क्यों संकुचित कर लिया है उन्होंने अपनी रणनीति का प्रदर्शन? या तो ले लिया है उन्होंने अब सक्रिय राजनीति से सन्यास? ये फिर वो उस लिये खामोश हो गये, क्योंकि टिकट नहीं पहुँच पाया जनरली साहब के हाथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एमएलसी दिनेश गोयल के अतिप्रिय युवा नेता गौरव गर्ग और युवा नेता निशांत गोयल ने ले लिया है क्या सक्रिय राजनीति से सन्यास? हम देख रहे है लोकसभा चुनावों में इन दोनों के दर्शन नहीं हुए खास? कहने वाले ने कहा कि या तो ये दोनों कर रहे है पूरा जोर लगाकर अपने व्यापार पर फोकस? या फिर कुछ और ही है इनके दिल में कोकस? हम देख रहे है ये दोनों कभी कभी तो नजर आ ही जाते थे एमएलसी साहब के पास? सुना है अब यहाँ पर भी इनके दर्शन होना रह गया है ख़्वाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम गारंटी लेकर बता रहे है चुनाव के समय सपा के ज़िला अध्यक्ष फैजल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने बिलकुल भी नहीं किया था पूर्व वाले राशिद भैया और राहुल भैया को फोन? नहीं की थी चुनाव के संबंध में दोनों से इत्तू सी भी बात? क्या इन दोनों से दूरी बनाकर ये नहीं करना चाहते थे क्रेडिट शेयर? मगर हमे पता चला है भारद्वाज जी ने पूर्व वालों की कि बहुत ज्यादा केयर? सुना है दोनों को काउटिंग में शामिल होने का भेजा गया है पैगाम? जानकारों को पता है बिना अनुभव के नहीं चलता है काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक वैश्य मैम्बर हैं इस वक्त बहुत ज्यादा परेशान? सुना है भगवा ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि नहीं उठा रहीं हैं उनका फोन? जिस वजह से नहीं हो रहा है उनकी समस्या का समाधान? फोन नहीं उठाने को लेकर वैश्य पार्षद के दिमाग में चल रहे हैं तरह तरह के नेगेटिव विचार? वो अपने लोगों से कह रहे हैं कि ना जाने उनसे कोई चूक तो नहीं हो गई? कहीं कर तो नहीं दिया है ताकतवर दीदी ने मुझे अपने दिल और दिमाग से बाहर? ऐसा हुआ तो कैसे होगा वार्ड का बेड़ा पार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मंत्री जी के खास त्यागी मैम्बर को पता है राजनीति का एक-एक तराना? वो टाईम मैनेजमेंट के हिसाब से चलते हैं और जरूरत आने पर बनाने लगते हैं संबंधों का ताना बाना? सुना है बोर्ड वाला मैम्बर बनने की आस में इन्होंने आजकल डाला हुआ है ताकतवर दीदी के यहां पर डेरा? हमने इन्हें शाम को भी देखा है और तब भी देखा है जब हुआ है सवेरा? लगता है इन्हें मंत्री जी से मिला है कोई मंत्र? इन्हें हो गया है एहसास कि डेरा सच्चा सौदा डालकर ही बोर्ड मैम्बर बनने का सिद्ध होगा तंत्र?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक भगवा कमिश्नर ने पकड़ी हुई है बहुत ही ज्यादा रफ्तार? त्यागी की भावना रखने वाले इन भगवा कमिश्नर ने नियमों से आगे जाकर कर दिया है एक नर्सरी वाले का बेड़ा पार? सुना है बिछवा दी है इसके यहां पर उन्होंने पानी की लाईन? उनका यह मामला उनके विरोधियों को नहीं लग रहा है फाईन? सुना है शिकायत करने के लिए इन सभी ने ले लिया है मेयर साहब से टाईम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में एक भगवा ठाकुर मैम्बर की मजबूत बताई जाती है लाठी? सुना है हाल ही में किये हैं इन्होंने एक बिल्डर से चार पेटी की डिमांड? अब ये चार पेटी टाईल्स की हैं या किसी और चीज की, हमें पता नहीं है श्रीमान? मगर जो भी हो इनकी डिमांड ने कर दिया है बिल्डर का मामला टाईट? सुना है वो इस डिमांड की कर रहे हैं जगह जगह शिकायत, चाहे दिन हो या नाईट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब था मंत्री जी का जन्मदिन तब किसी बड़े जनप्रतिनिधि की उनको अभिभावक कहने वाली पोस्ट ने मचा दिया था तूफान? इस पोस्ट को देखकर बहुत सारे चेहरे हो गये थे हैरान? कह रहे थे वैसे तो इन दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच दिखाई देती है बहुत ज्यादा दूरियां? फिर अभिभावक लिखने के पीछे ऐसी क्या रही मजबूरिया? कहने वाले ने कहा इस पोस्ट को फिर देर रात अभिभावक हटाकर कर दिया गया था ऐडिट? मगर तब तक स्क्रीनशॉट लेने वाले लूट चुके थे क्रेडिट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के उस मंडल में चल रहा है इंटरनल भगवा दंगल? सुना है मीटिंग को लेकर किसी ने दे दिया अपने ऑफिस का ताना? बताते हैं कि अगले दिन से बदल दिया मंडल प्रधान ने ठिकाना? अब मंडल प्रधान ने बना लिया मीटिंग स्थल अपना खुद का आशियाना? सुना है ताना देने वालों का नही है इस वाले आशियाने में आना जाना?

नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# वसुंधरा जोन में चला निगम का पॉलिथीनमुक्त अभियान, जुर्माने में वसूले 1 लाख 52 हजार







**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** नगर निगम का वसुंधरा जोन में प्लास्टिकमुक्त अभियान चल रहा है। नगर आयुक्त के निर्देश पर जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिकमुक्त अभियान चला रहे हैं। बुधवार को वसुंधरा जोन में अभियान चलाया गया जिसमें जोनल प्रभारी सुनील कुमार राय, हिमांशु भारद्वाज सुपरवाइजर संदीप कुमार ने चार टीमें तैयार कीं। कर अधीक्षक, निरीक्षक, सफाई नायक व अन्य संबंधित की टीम बनाई गई, अभियान के दौरान मार्केट एरिया में कार्रवाई की गई जिसमें लगभग 1,52,000 की वसूली भी हुई।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश परशहर में प्लास्टिकमुक्त अभियान जोरों से चल रहा है, व्यापारियों को पॉलिथीन इस्तेमाल न करने की अपील भी की जा रही है। जहां से पॉलिथीन जब्त हो रही हैं वहां जुर्माने की कार्रवाई भी निगम कर रहा है। योजना के क्रम में वैशाली सेक्टर 4, वसुंधरा सेक्टर 15,16,17, व 18 तथा सूर्य नगर के मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 100 किलो पॉलिथीन भी जब्त की गई,इसके अलावा साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट पर झंडापुर में भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई की गई।

स्वास्थ्य विभाग तथा जोनल प्रभारी की टीम मिलकर प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चला रही हैं, गाजियाबाद नगर निगम शहर वासियों को लगातार प्लास्टिकमुक्त शहर बनाने के लिए जागरुक कर रहा है जिसके क्रम में स्कूलों में भी विद्यार्थियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

## वेतन नही मिलने पर प्रदर्शन करते द्रोणागिरी अपार्टमेंट के कर्मचारी



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर 11 स्थित द्रोणागिरी अपार्टमेंट में 2.5 महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया और घण्टों काम बाधित रखा। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सोसायटी की सभी व्यवस्थाएं चौपट हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सोसाइटी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। साथ ही पानी की सप्लाई बंद होने के कारण स्थानीय निवासी केखाना बनाने और नहाने धोने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के साथ साथ पानी के अभाव से स्थानीय लोगों का बुरा हाल है। वही हड़ताल पर गए कर्मचारियों का कहना है कि पिछले काफी समय से समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। हड़ताल पर रहे पलम्बर रामचंद्र ने कहा कि सोसायटी निवासियों की प्रशासन द्वारा नियुक्त कमेटी को समय पर मेंटेनेंस शुल्क का भुगतान हुआ लेकिन प्रशासन द्वारा नियुक्त कमेटी के अधिकारियों की लापरवाही के चलते पिछले 2.5 महीने से लगभग 21 कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं किया गया जिसके चलते कर्मचारियों के भूखे मरने की नौबत आ गई है। कर्मचारियों का कहना है जब तक सभी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक हड़ताल जारी रहेगी। करीब 4 घंटे बाद सोसायटी के निवासियों के आग्रह पर कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म की और पानी की सप्लाई सुचारू की। आश्चर्य इस बात का है कि 358 लोगों की इस परेशानी पर किसी भी ज़िम्मेदार अधिकारी ने ना तो किसी से बात की और ना ही कर्मचारियों को कोई आश्वासन दिया। धरना-प्रदर्शन में पलम्बर रामचंद्र, पलम्बर संजय, इलैक्ट्रीशियन संजय, सफाई सुपरवाइजर करण, कुलदीप, बिट्टू आदि लोग शामिल रहे।

# अमर शहीद सुखदेव की जयंती पर उन्हें किया याद





**गाजिबाबाद,करंट क्राइम।** स्वतन्त्रता संग्राम के महान सैनानी शहीद सुखदेव की जयंती पर पूर्व पार्षद मौ. जाकिर अली सैफी के नेतृत्व में क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने जस्सीपुरा में शहीद सुखदेव के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर खिराज-ए-अकीदत पेश की। इस मौके पर मौ0 जाकिर अली सैफी ने कहा कि शहीद सुखदेव का जन्म 15 मई 1907 को हुआ था, जिन्होंने देश की आजादी की खातिर 23 मार्च 1931 को फासी के फंदे को हस्ते हुए गले लगा लिए था। मौ0 जाकिर अली सैफी ने कहा कि अमर क्रांतिकारियों के बारे में आम मनुष्य की वैचारिक टिप्पणी का कोई अर्थ नहीं है। उनके उज्ज्वल चरित्रों को बस याद किया जा सकता है कि ऐसे मानव भी इस दुनिया में हुए हैं, जिनके आचरण किंवदंति हैं। भगतसिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई, उनके बाद अब किसी के लिए संभव न होगी। आदमी को मारा जा सकता है उसके विचार को नहीं। बड़े साम्राज्यों का पतन हो जाता है लेकिन विचार हमेशा जीवित रहते हैं, और बहरे हो चुके लोगों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज जरूरी है। आज शहीद सुखदेव जैसे महान क्रान्तिकारियों की देश को आवश्यकता है जो देश के युवाओं के लिए देश प्रेम व देश सेवा की प्रेरणा देते रहें। खिराज-ए-अकीदत पेशगी कार्यक्रम में रमीज राजा, सैयद समीर, शाहनवाज खान, कपिल शर्मा, विनायक खन्ना, साजिद चौधरी, शाहरुख सैफी, साबिर सैफी, नौमान सैफी, महराज, नासिर चौधरी, राजीव बत्रा, वसीम कुरैशी, फैसल, शाकिर, वाहिद, मोमिन, जाकिर मलिक, नासिर चौधरी, शादाब चौधरी, समीर सलमानी, अंकुश शर्मा, साजिद अहमद, शौकत अली, शकील सैफी, सब्बीर सैफी, हनीफ मलिक, इनायत अली, सब्बीर, शौकीन, जाहिद चौधरी, साजिद, शदाब चौधरी, अकरम कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, सोनू उपस्थित रहे।

## मानसिंह गोस्वामी ने की प्रधानमंत्री से प्रभावी मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रवासी के तौर पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वो लगातार डेरा डाले हुए हैं और उनकी प्रधानमंत्री से यादगार मुलाकात तब हुई जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नामांकन करने के लिए वाराणसी आये। यहां पर मान सिंह गोस्वामी ने भगवा टोपी पहन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उनके चेहरे की मुस्कान बता रही है कि ये मुलाकात एक यादगार मुलाकात रही है। मान सिंह गोस्वामी इस मुलाकात के बाद काफी प्रफुल्लित नजर आये। इस दौरान उनके साथ पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ परविन्दर जांगड़ा भी मौजूद रहे।




## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चुनाव की बेला चल रहीं है। ऐसे में नेताओं और पदाधिकारियों की सियासी मुलाकातें जोरों पर हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से मुलाकात करते गाजियाबाद के भाजपा नेता कालीचरण पहलवान, सरदार सिंह भाटी, व अन्य नेता।

# महिला को जाल में फंसा कर किया बेहोश, ठगे 8 लाख की कीमत के गहने





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम कृष्णा अपरा सोसायटी की रहने वाली रेनू गुप्ता ठगी का शिकार हो गईं। रेनू गुप्ता ने बताया कि वह काला पत्थर रोड स्थित बीकानेर मिष्ठान पर कुछ सामान लेने जा रही थीं, तभी दो लड़के पीछे से आए और आनंद विहार का रास्ता पूछने लगे, एक लड़के ने उन्हें बातों में उलझा लिया और कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं, उसे कुछ पैसे दे दो, बड़े वाले लड़के ने कहा कि मैं पैसे देता हूं।

फिर बाद में बोला मेरे पास खुले पैसे नहीं हैं, आंटी आप ही दे दो। वह मुझे बोलते हुए देखता रहा, कुछ देर बाद



लोटस पॉन्ड सोसायटी के पास जाकर बोला आंटी आप बैठ जाओ आप थक गए हो। तभी वैभव पार्क में जाकर बैठ गई, वहां पर उन्होंने चार चूड़ियां, चार अंगूठी उतरवा कर एक रूमाल में रख लीं। क्योंकि यहां पर लूटपाट बहुत होती है, कुछ देर बाद बोले आंटी आप आराम करो।

वह आराम करने लगीं और उन्हें नींद आ गई, होश में आने पर उन्होंने देखा कि दोनों लड़के वहां से फरार हो चुके हैं। उन्होंने रूमाल की पोटली खोलकर देखी तो उसमें दो आर्टिफिशियल चूड़ी व तीन पत्थर के टुकड़े थे। इस मामले की जानकारी तभी पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

इस घटना के बाद पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने मौके पर पहुंचकर महिला की मदद की। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी की मदद से आरोपियों को पहचानने की कोशिश की जा रही है। रेनू गुप्ता ने बताया कि ठग चार अंगूठी चार कंगन ले गए हैं, जिनकी लगभग कीमत 8 लाख के करीब है।






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेटियां केवल पिता का ही अभिमान नहीं होती हैं। बेटियां अपनी मम्मी की भी जान होती हैं। मदर्स डे से लेकर टुडे तक ये जोड़ी एक ऐसी ही बॉन्डिंग की मिसाल है। इनका अपना अलग ही स्वैग है। ये कुहू और मोनिका का अंदाज है। मॉम एंड डॉल की केमिस्ट्री को खूबसूरत तस्वीर से बयां करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।